दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 । अंक: 235 जयपुर, शनिवार, 03 अगस्त, 2024 । श्रावण, कृष्ण पक्ष-चतुर्दशी, विसं 2081 पृष्ठ: 10 । मूल्य: 2.00

## जरूरी खबर

### कैप्टन शुक्ला होंगे ISS की उड़ान के प्राइम पायलट



**नई दिल्ली।** भारत-अमेरिका के संयुक्त स्पेस मिशन के तहत अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (ISS) की उड़ान के लिए इसरो ने ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को प्राइम पायलट के रूप में चुना है। वहीं, ग्रुप कैप्टन प्रशांत बालाकृष्णन नायर को बैकअप पायलट के रूप में चुना गया है। भारतीय स्पेस एजेंसी इसरो ने गुरुवार को बयान जारी कर इसकी जानकारी दी। इसरो ने बताया कि जून 2023 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका की आधिकारिक यात्रा के दौरान अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (ISS) के लिए इसरो-नासा के संयुक्त मिशन की घोषणा की गई थी।

-पेज 8 भी देखें

### भारत और श्रीलंका के बीच पहला वनडे मैच टाई

**नई दिल्ली।** भारत और श्रीलंका के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज का पहला मैच टाई हो गया। कोलंबों में पहले खेलते हुए श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 230 रन बनाए। लक्ष्या का पीछा करते हुए भारतीय टीम 230 रन पर सिमट गई। श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। निसांका ने बेहतरीन खेलते हुए अर्धशतक जड़ा। बाकी टॉप आर्डर बल्लेबाज भारतीय गेंदबाजों का ज्यादा सामना नहीं कर सके। हालांकि, आखिरी में वेल्लालागे ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की। वेल्लालागे ने नाबाद 67 रन बनाकर श्रीलंका को 200 के पार पहुंचाया।

### केरल के वायनाड में मौतों का आंकड़ा हुआ 316 पार

**वायनाड।** केरल के वायनाड में तीन दिन पहले हुए भूस्खलन में मरने वालों का आंकड़ा बढ़ता जा रहा है। भूस्खलन के कारण ढही इमारतों को मलबे में लोगों को तलाशने का काम जारी है। शुक्रवार सुबह तक 316 शव निकाले जा चुके हैं। वहीं फंसे पीड़ितों की खोज में बचाव दलों को एड़ी चोटी का जोर लगाना पड़ रहा है। 200 से ज्यादा लोग अब भी लापता हैं। भूस्खलन से सबसे अधिक प्रभावित मुंडक्कई और चूरलमाला क्षेत्रों के रहने वाले हुए हैं।

## मुख्यमंत्री ने की अपने विधानसभा क्षेत्र में 1913 करोड़ के कार्यों की प्रगति की समीक्षा, साफ कहा...

# आमजन से सरोकार वाले विभागों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

- लापरवाही के कारण जलदाय विभाग के एईएन व जेईएन को हटाया

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि प्रशासन आमजन की हर समस्या के समाधान का अंतिम पड़ाव है। ऐसे में वे राज्य सरकार की तरफ उम्मीद भरी निगाहों से देखते हैं। उन्होंने कहा कि आमजन से सरोकार रखने वाले विभागों में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे न केवल नियमित रूप से जनसुनवाई करें, बल्कि उनकी हर समस्या का समाधान सुनिश्चित कर उन्हें सूचित भी करें। शर्मा शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास पर अपने सांगानेर विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न परियोजनाओं में गति लाने के लिए आयोजित समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि भविष्य के विकास और आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए योजनाओं की रूपरेखा तैयार की जानी चाहिए। उन्होंने ऊर्जा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभाग से संबंधित सभी कार्य समयबद्ध पूरा करें।



### 65 कार्यों की प्रगति की समीक्षा

विभिन्न विभागों से संबंधित 1913 करोड़ रुपए से अधिक के 65 कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि जेडीए और नगर निगम आपस में समन्वय बना कर साफ-सफाई, सीवरेज, सड़क सहित विभिन्न कार्यों को पूरा करें, ताकि आमजन को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। उन्होंने सांगानेर स्टेडियम के समुचित विकास और क्षेत्र के पार्कों का उचित रख-रखाव किए जाने के भी निर्देश दिए।

### प्रकरण लंबित होने के कारण न हो विलंब

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रोजेक्ट्स में अनावश्यक देरी को कम करने के लिए प्रक्रियाओं का सरलीकरण किया जाए। साथ ही, नियमित अंतराल में प्रगति की समीक्षा की जाए। न्यायालय में प्रकरण लम्बित होने के कारण परियोजनाओं को पूरा करने में अनावश्यक देरी न हो, इसके लिए हर 15 दिन में संबंधित एजी-एएजी के साथ बैठक कर ऐसे प्रकरणों की प्रगति की समीक्षा की जाए। इस दौरान सीए ने नल कनेक्शन के आवेदनों की पेंडेंसी खत्म करने के भी निर्देश दिए।


### नल कनेक्शन के आवेदन लंबित होने पर एक्शन

शर्मा ने सांगानेर विधानसभा क्षेत्र में बड़ी संख्या में नल कनेक्शन के आवेदन लम्बित होने पर नाराजगी जताते हुए क्षेत्र के सहायक अभियंता एवं कनिष्ठ अभियंता को काम में लापरवाही के चलते हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए।

## मानसून मेहरबान: प्रदेशभर में बरसात का दौर जारी

# राज्य के कई शहरों में भारी बारिश, कोलायत में 8 इंच

### ब्यावर, भीलवाड़ा, बीकानेर, नागौर, पाली और राजसमंद में झमाझम




**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में लगातार तेज बारिश का दौर जारी है। जयपुर सहित करीब 20 से ज्यादा शहरों में शुक्रवार को मध्यम से भारी बारिश दर्ज की गई। जिससे मौसम में उमस की तल्खी महसूस नहीं हुई। अजमेर, ब्यावर, भीलवाड़ा, बीकानेर, नागौर, पाली और राजसमंद में भारी बारिश दर्ज की गई। सबसे ज्यादा बारिश बीकानेर के कोलायत में 195 मिमी बारिश दर्ज की गई। लो प्रेशर के प्रभाव से दक्षिण-पूर्वी राजस्थान के कुछ भागों में 3 अगस्त से भारी बारिश की गतिविधियों में बढ़ोतरी होने की प्रबल संभावना है।

तंत्र का सर्वाधिक प्रभाव 4-5 अगस्त को राज्य के दक्षिणी-पूर्वी व पश्चिमी भागों में दर्ज होने की प्रबल संभावना है। इस दौरान कोटा, उदयपुर संभाग में 4 अगस्त को कहीं-कहीं भारी से अतिभारी बारिश व एक दो स्थानों पर अत्यंत भारी बारिश (200 मिमी से अधिक) होने की प्रबल संभावना है। इस दौरान जयपुर, अजमेर, जोधपुर व बीकानेर संभाग के कुछ भागों में 4 से 6 अगस्त के दौरान कहीं-कहीं भारी व कहीं-कहीं अति भारी बारिश होने की प्रबल संभावना है।

जलसंसाधन विभाग के अनुसार अजमेर के पीसागंन में 160, मांगलियावास में 140, पुष्कर में 80, ब्यावर के मसूदा में 178, ब्यावर में 156, टाटगढ़ में 120, बदनोर में 75, बिजयनगर में 65, भीलवाड़ा के बागौर में 85, ज्ञानगढ़ में 77, रायपुर में 71, हुरड़ा में 70 और करेड़ा में 69, नागौर के देह में 110, रियांबड़ी में 102, खींवसर में 97, नागौर में 92, मेड़तासिटी में 91 और सांजू में 66, पाली के मारवाड़ जक्शन में 88 और सोजत में 55 तथा राजसमंद के भीम में 143, देवगढ़ में 95 और गडमौर में 73 मिमी बारिश दर्ज की गई।

### राजधानी तर-ब-तर... 90 मिमी बारिश

जयपुर में लगातार तेज बारिश का दौर जारी है। गुरुवार रात से शुक्रवार शाम तक जयपुर शहर में 90 मिमी बारिश दर्ज की गई। बारिश से कई स्थानों पर निचली बस्तियों में पानी भर गया। वहीं रात को सड़कें दरिया बन गईं। इससे वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। नगर निगम के साथ जेडीए और पुलिस प्रशासन रातभर बचाव राहत कार्यो में जुटे रहे। कई अंडरपास में पानी भर गया और वाहन बंद पड़ गए। पुलिस ने इन वाहनों को बाहर निकालकर रास्तों को बंद कर दिया।

### कई संभागों भारी बारिश की संभावना

मौसम विभाग के अनुसार शुक्रवार को अजमेर, भीलवाड़ा, जयपुर, सीकर, कोटा, चित्तौड़गढ़, डबोक, बाड़मेर, जैसलमेर, जोधपुर, बीकानेर, चूरू, बारां, डूंगरपुर, संगरिया, जालोर, सिरोही, दौसा, सवाईमाधोपुर, माउंट आबू सहित अन्य स्थानों पर बारिश हुई। अगस्त से सितंबर माह में देश भर में ही नहीं, प्रदेश में भी औसत से ज्यादा बारिश होने का अनुमान है। अगस्त के अंत में मानसून के दूसरे भाग में ला नीना विकसित होने की संभावना है। आगामी 24 घंटों के दौरान अजमेर, बीकानेर व जोधपुर संभाग के कई जिलों में मानसून सक्रिय रहने की संभावना है।

### चार साल बार बही ढूंढ नदी

जयपुर में दो दिन से लगातार हो रही बारिश से ढूंढ नदी बहने लगी है। इससे पहले 15 अगस्त 2020 में आई तेज बारिश के बाद ढूंढ नदी में पानी आया था। ढूंढ नदी में कानोता बांध के साथ उसके आस-पास के इलाकों का पानी आता है। तेज बारिश के बाद कानोता बांध पर चादर चल रही है। इसके अलावा इंदिरा गांधी नगर सहित अन्य इलाकों और कानोता बांध पर चादर चलने से नदी में पानी आने लगा है। कानोता बांध ढूंढ नदी पर ही बना हुआ है। ढूंढ नदी में आए पानी को देखने के लिए कई स्थानों पर लोग लोग जमा हो गए।

### बगरू की बंजारा बस्ती में फंसे 8 को किया रेस्क्यू

रेस्क्यू शहर में हो रही तेज बरसात की वजह से बगरू थाना इलाके की बंजारा बस्ती में फंसे आठ जनों को एसडीआरएफ की टीम ने रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया है। इनमें पांच पुरुष एवं तीन महिलाएं है। एसडीआरएफ के कमांडेंट राजेंद्र सिंह सिसोदिया ने यह जानकारी दी।

## नए प्रदेशाध्यक्ष कार्यकर्ताओं से वन टू वन करेंगे मुलाकात

# आज भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ करेंगे पदभार ग्रहण

**बेधड़क** | जयपुर

भाजपा के नए प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ शनिवार को पदभार ग्रहण करेंगे। नियुक्ति होने के बाद वे शनिवार को पहली बार जयपुर पहुंचेंगे। इस दौरान भाजपा युवा मोर्चो के कार्यकर्ता उन्हें एयरपोर्ट से रैली के रूप में प्रदेश भाजपा मुख्यालय लेकर पहुंचेंगे। इस दौरान विभिन्न जगहों पर उनका स्वागत किया जाएगा।

पदभार ग्रहण के समय सीएम भजनलाल शर्मा, मंत्री, विधायक और बीजेपी नेता मौजूद रहेंगे। पदभार ग्रहण करने के बाद प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ बीजेपी कार्यालय के बाहर सभा को भी संबोधित करेंगे। जानकारी के अनुसार अगले दो दिन मदन राठौड़ जयपुर में ही रुकेंगे। इस दौरान वे बीजेपी कार्यालय में कार्यकर्ताओं से वन टू वन मुलाकात भी करेंगे। सोमवार संसद सत्र में भाग लेने के लिए दिल्ली रवाना हो जाएंगे। -पेज 2 भी देखें

### राठौड़ को माना जाता है पीएम नरेन्द्र मोदी का नजदीकी नेता

मदन राठौड़ को पीएम मोदी के करीबी नेताओं में भी माना जाता हैं। प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त होने के बाद राठौड़ ने पीएम मोदी से मुलाकात भी की थी। हालांकि ये शिष्टाचार भेंट थी। भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने उन्हें विगत 25 जुलाई को ही बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त किया था। पार्टी ने मदन राठौड़ को अध्यक्ष बनाकर मूल ओबीसी के अपने वोट बैंक को साधा है। उल्लेखनीय है कि राठौड़ 5 महीने पहले ही राज्यसभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे। मदन राठौड़ पीएम मोदी के पुराने परिचित हैं। लंबे समय से संगठन में सक्रिय राठौड़ ने बीजेपी के दिग्गज नेताओं के साथ काम किया है।



## बांसवाड़ा में बवाल: पावर प्लांट के लिए जमीन अवाप्ति पर आक्रोश

# पथराव के बाद पुलिस का लाठी चार्ज, आंसू गैस और हवाई फायर

**बांसवाड़ा/ जयपुर ।** प्रदेश के बांसवाड़ा जिले में प्रस्तावित न्यूक्लियर पावर प्लांट के लिए भूमि अवाप्ति को लेकर शुक्रवार को ग्रामीण और पुलिस आमने-सामने हो गए। आक्रोशित भीड़ ने पुलिस पर पथराव कर दिया, जिसके बाद भीड़ को तितर बितर करने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज किया तथा आंसू गैस के गोले छोड़े और हवाई फायर भी किए। इस दौरान पुलिस के 2 जवान घायल हो गए।

-पेज 4 भी देखें



## एक और पदक की उम्मीद

# आज निशानेबाज मनु फिर दिखा सकती हैं निशानेबाजी में अपना जलवा

- शूटिंग क्वीन मनु भाकर देश के लिए एक बार फिर जीतना चाहेंगी मेडल
- 52 साल बाद भारत ने ऑस्ट्रेलिया को हॉकी में हराया
- मैच में भारत शुरू से ही ताकतवर ऑस्ट्रेलिया पर रहा हावी

**बेधड़क** | नई दिल्ली

पेरिस ओलंपिक 2024 में शुक्रवार को भारत और ऑस्ट्रेलिया की हॉकी टीमों के बीच मुकाबला हुआ। मैच में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 3-2 से हराया। इस प्रकार भारतीय टीम ने ओलंपिक के अंदर ऑस्ट्रेलिया को 52 साल बाद हराया है। इससे भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 1972 में हराया था। टर्फ में ओलंपिक में भारत ने पहली बार ऑस्ट्रेलिया को हराया है। शुक्रवार के मैच में भारत के लिए अभिषेक और हरमनप्रीत सिंह ने शुरुआत में ही ऑस्ट्रेलिया को बैकफुट पर धकेल दिया।





### पांच में से 3 मैच जीते

भारत ने ग्रुप स्टेज में कुल 5 मैच खेले, जिसमें से 3 मैच में उसे जीत मिली और 1 मैच ड्रॉ रहा और 1 मैच में उसे हार मिली। अब टीम क्वार्टर फाइनल में धमाल मचाती हुई नजर आएगी। मैच के दूसरे क्वार्टर में हमनप्रीत सिंह ने शॉट लिया और टीम के लिए गोल दाग दिया। कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने इस मैच का तीसरा और अपना दूसरा गोल किया। इसके साथ ही उन्होंने भारत की बढ़त को 3-1 कर दिया।

### 25 मीटर पिस्टल महिला क्वालीफिकेशन स्पर्धा में मनु पहुंची फाइनल में

भारतीय निशानेबाज मनु भाकर ने 25 मीटर पिस्टल महिला क्वालीफिकेशन स्पर्धा में फिर बेहतरीन प्रदर्शन किया है। इसमें कुल 590 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहकर फाइनल में प्रवेश किया। वहीं स्पर्धा में एक अन्य भारतीय प्रतियोगी ईशा सिंह कुल 581 अंकों के साथ 18वें स्थान पर रहीं।

### दो ब्रॉन्ज अपनी झोली में डाल चुकी मनु

भारत की डबल मेडलिस्ट मनु भाकर ने 25 मीटर पिस्टल के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। ये मनु का तीसरा फाइनल होगा, अब वो भारत के लिए एक बार फिर मेडल जीतना चाहेंगी। अब मनु भारतीय समयानुसार शनिवार को दोपहर 1 बजे फाइनल खेलेंगी और यह उनके लिए पेरिस खेलों में पदक जीतने का तीसरा अवसर होगा। इससे पहले उन्होंने भारत के लिए दो ब्रॉन्ज मेडल भी अपने नाम किया है।

## जरूरी खबर

### उम्मेद सागर बांध के जलग्रहण क्षेत्र से हटाएंगे कब्जे



जयपुर। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैया लाल ने शुक्रवार को विधानसभा में आश्वस्त किया कि 2 माह में उम्मेद सागर बांध के जलग्रहण क्षेत्र में किए गए अतिक्रमणों को हटाने की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा जून, 2024 में समिति के माध्यम से किए गए सर्वे में कुल 313 अतिक्रमण चिह्नित किए गए हैं। अतिक्रमणियों को जुलाईमें नोटिस देकर अतिक्रमण हटाने के लिए पाबंद किया गया है। वे प्रश्नकाल के दौरान पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे।

### हर घर तिरंगा अभियान में होंगे कई कार्यक्रम

**जयपुर।** आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत 'हर घर तिरंगा' अभियान में जनभागीदारी बढ़ाने के लिए केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों को पत्र लिखा है। शेखावत ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को लिखे पत्र में बताया है कि 'हर घर तिरंगा' अभियान में 23 करोड़ घरों पर झंडारोहण किया गया तथा 6 करोड़ लोगों ने तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर अपलोड की। इसी प्रकार अगस्त, 2023 में 10 करोड़ से ज्यादा लोगों ने 'हर घर तिरंगा' अभियान की वेबसाइट पर सेल्फी अपलोड की है। इस वर्ष 13 से 15 अगस्त यह अभियान चलेगा। आमजन झंडारोहण कर सेल्फी लें तथा इसे www.harghartiranga.comपर अपलोड करें।

### गुमशुदा की तलाश के लिए ऑपरेशन उल्लास शुरू



**जयपुर।** अपनों को अपनों से मिलाने के लिए राजस्थान पुलिस द्वारा प्रदेश में राज्य स्तर पर विशेष अभियान 'ऑपरेशन उल्लास' शुरू किया गया है। इसकी मॉनिटरिंग पुलिस मुख्यालय द्वारा की जाएगी। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक सिविल राइट्स एवं एएचटी भूपेंद्र साहू ने बताया कि राज्य में गुमशुदा महिला एवं पुरुष के लंबित प्रकरणों को दृष्टिगत रखते हुए समस्त जिलों में 31 अगस्त तक विशेष अभियान उल्लास चलाया जाएगा। इसका उद्देश्य गुमशुदा व्यक्तियों की सक्रियता से तलाश करते हुए प्रदेश में ऐसे पेंडिंग प्रकरणों में कमी लाना है। साप्ताहिक प्रगति रिपोर्ट की पुलिस मुख्यालय में सिविल राइट्स एवं एएचटी शाखा पर संकलित कर मॉनिटरिंग की जाएगी।

राजस्थान विधानसभा में बोले नगरीय विकास राज्य मंत्री झाबर सिंह खर्रा...

# सरकारी भूमि पर अवैध कॉलोनी काटने वालों पर होगा एक्शन

बेधड़क | जयपुर

नगरीय विकास राज्य मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने विधानसभा में आश्वस्त किया कि राज्य सरकार द्वारा सरकारी भूमि पर अवैध रूप से कॉलोनी काटने की शिकायत की जांच कर संबंधित कॉलोनाइजर के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। खर्रा प्रश्नकाल के दौरान इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्नों पर जवाब देते हुए कहा कि बहुत सी कॉलोनियों में विकास शुल्क जमा होने के बाद भी सड़क एवं सेक्टर रोड के मार्ग निर्धारित नहीं होने के कारण विकास नहीं हो सका तथा सड़क एवं सेक्टर रोड़ के मार्ग नियमित नहीं हो पाए। खर्रा ने कहा कि इन समस्याओं के समाधान के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा टाउनशिप पॉलिसी-2010 में संशोधन की प्रक्रिया शुरू की गई है। इसके तहत पॉलिसी में संशोधन के लिए आमजन एवं जनप्रतिनिधियों से 20 अगस्त, 2024 तक सुझाव भी आमंत्रित किए गए गए हैं। उन्होंने बताया कि नीति के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि समस्त सुझावों पर विचार कर नई संशोधित पॉलिसी जारी की जाएगी। नगरीय विकास राज्य मंत्री ने कहा कि



राज्य सरकार द्वारा नगरीय विकास विभाग का राज्य स्तरीय वेब पोर्टल बनाया जाना भी प्रस्तावित है।

पोर्टल पर स्थानीय निकाय द्वारा स्वीकृत समस्त योजनाओं का विवरण दर्ज होगा। साथ ही योजना के तहत किए जा रहे विकास कार्य एवं अन्य विवरण भी नियमित रूप से पोर्टल पर अपडेट किया जाएंगे। इससे राज्य सरकार एवं आमजन को योजनाओं की वास्तविक स्थिति की जानकारी प्राप्त हो सके। विधायक कैलाश चंद वर्मा के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में नगरीय विकास राज्य मंत्री ने सदन को अवगत कराया कि नवीन कॉलोनियां विकसित करने के लिए तकनीकी प्रावधान "राजस्थान टाउनशिप पालिसी-2010" द्वारा निर्धारित है। उन्होंने बताया कि टाउनशिप पॉलिसी-2010 के प्रावधानों के अनुरूप मूलभूत सुविधा की सुनिश्चितता उपरांत ही नगरीय निकाय में प्राप्त होने वाली योजनाओं को अनुमोदित किया जाता है। वर्तमान टाउनशिप पॉलिसी-2010 के अनुसार योजना में आंतरिक विकास कार्यों जैसे सड़क, सीवरेज एवं पानी आदि की सुनिश्चितता के लिए पॉलिसी में 12.5 प्रतिशत भूखंड रहन रखे जाने का प्रावधान है। आंतरिक विकास कार्यों की सुनिश्चितता उपरांत ही इन भूखंडों को रहन मुक्त किए जाते है, जिसकी प्रति उन्होंने सदन के पटल पर रखी।

### कांग्रेस सरकार में भूमाफियाओं को मिला संरक्षण: गोठवाल

भाजपा महामंत्री और विधायक जितेंद्र गोठवाल ने खंडार विधानसभा में अवैध अतिक्रमण मामले को विशेष उल्लेख प्रस्ताव के माध्यम से विधानसभा में उठाया। उन्होंने अतिक्रमियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की। जितेंद्र गोठवाल ने कहा कि खंडार विधानसभा के छाण और जैतपुर गांव में पिछली सरकार के राज में भूमाफियाओं को संरक्षण दिया गया। इसके चलते वहां हजारों बीघा जमीन पर एक समुदाय विशेष के लोगों ने अवैध अतिक्रमण कर लिया। भाजपा विधायक जितेंद्र गोठवाल ने कहा कि खंडार के बोथल रोड पर छाण और जेतपुर में बेशकिमती जमीनों पर एक समुदाय विशेष के लोगों के साथ स्थानीय अधिकारियों की भी मिलीभगत से अतिक्रमण बढ़ता जा रहा है। प्रदेश की पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के राज में कुछ नेताओं के संरक्षण की बदौलत समुदाय विशेष के लोगों के हौसले इतने बुलंद हो गए कि अतिक्रमण मुक्त करवाने वाले अधिकारियों के साथ कई दफा मारपीट की गई।

नई दिल्ली से आज जयपुर आएंगे भाजपा के नए प्रदेशाध्यक्ष

# भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष की ताजपोशी आज... तैयारियां पूरी

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान बीजेपी के नए प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ 3 अगस्त को प्रदेश अध्यक्ष पद का कार्यभार संभालेंगे। राठौड़ की ताजपोशी की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मदन राठौड़ के पदभार ग्रहण करने से पहले पार्टी कार्यालय के बाहर पुराने पोस्टर हटा नए पोस्टर चस्पा किए गए हैं, वहीं शहर के मुख्य मार्गों पर भाजपा के झंडे सजाए लगाए गए हैं। पार्टी के नए प्रदेशाध्यक्ष को लेकर कार्यकर्ताओं में भी भारी उत्साह देखा जा रहा है। नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ शनिवार को दिल्ली से फ्लाइट से सुबह 11 बजे जयपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे, जहां उनका भव्य स्वागत होगा। पदभार ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी, प्रेमचंद बैरवा, प्रदेश सह प्रभारी विजया राहटकर, केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव, गजेंद्र सिंह शेखावत, अर्जुनराम मेघवाल, भागीरथ चौधरी, भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसुंधरा राजे, निवर्तमान प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, राजेंद्र राठौड़, सतीश पूनिया, अरुण चतुर्वेदी, अशोक परनामी सहित मंत्रिमंडल के मंत्री, सांसद, विधायक, जिला प्रमुख, प्रधान, भाजपा के प्रदेश पदाधिकारी, मोर्चा व प्रकोष्ठों के पदाधिकारी सहित सभी 200 विधानसभाओं से कार्यकर्ता पदभार ग्रहण समारोह में उपस्थित रहेंगे।






### 1000 बाइक रैली के काफिले के साथ पहुंचेंगे बीजेपी मुख्यालय

जयपुर एयरपोर्ट से भाजपा युवा मोर्चा की ओर से करीब 1000 बाइक रैली के काफिले के साथ नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ को भाजपा मुख्यालय लाया जाएगा। बाइक रैली में झंडे लगी बाइक पर केसरिया साफे में युवा मोर्चा के कार्यकर्ता शामिल होंगे। एयरपोर्ट से सीधे चौमूं हाउस सर्किल पर युवा मोर्चा का काफिला रुकेगा। चौमूं हाउस सर्किल से भाजपा मुख्यालय के बीच में जगह-जगह चिह्नित पॉइंट पर सभी सातों मोर्चाओं की ओर से राजस्थानी परंपरा से उनका स्वागत सत्कार किया जाएगा। राठौड़ शुभ मुहूर्त में 12:15 पर पदभार ग्रहण करेंगे। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी राठौड़ को अपना दायित्व सौंपेंगे।

### प्रदेशभर से आए पदाधिकारियों को करेंगे संबोधित

इसके बाद पार्टी मुख्यालय के बाहर बनाए गए बड़े पंडाल में राठौड़ प्रदेश भर से आए पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों को संबोधित करेंगे। सभा के बाद नए प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी मीडिया से भी रूबरू होंगे। जोशी अपने कार्यकाल के बारे में जानकारी देंगे, जबकि राठौड़ अपने आने कार्यकाल के विजन के बारे में बताएंगे। इसके बाद दोपहर 3 बजे भाजपा प्रदेशाध्यक्ष राठौड़ प्रदेश पदाधिकारी, संभाग प्रभारी, सह प्रभारियों की बैठक लेंगे। इसके बाद 4.00 बजे समस्त जिलाध्यक्षों की बैठक लेंगे। प्रदेशाध्यक्ष शाम 5 बजे मोती डूंगरी गणेश मंदिर, 5: 30 बजे जयपुर के आराध्य गोविंद देव जी मंदिर, शाम 6:00 बजे राजापार्क स्थित गुरुद्वारा और 6:30 बजे जवाहर नगर स्थित जैन मंदिर में देव दर्शन करेंगे।



### राठौड़ की पदभार ग्रहण की तैयारियां पूरी

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ की ताजपोशी को यादगार बनाने की पूरी तैयारी की जा चुकी है। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी, पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, सह प्रभारी विजया रहाटकर, उपाध्यक्ष नारायण पंचारिया ने शुक्रवार को तैयारियों को अंतिम रूप दिया। प्रदेश सह प्रभारी विजया राहटकर ने बताया कि पदभार ग्रहण समारोह को लेकर राजधानी जयपुर में भव्य साज सज्जा की गई है। शहर भर में कार्यकर्ताओं द्वारा भाजपा के ध्वज, बैनर, होर्डिंग लगाए गए हैं और भाजपा प्रदेश कार्यालय पर विशेष सजावट की गई। कार्यक्रम को भव्य रूप प्रदान करने के लिए अलग-अलग पदाधिकारियों को अलग-अलग कार्यों की जिम्मेदारी दी गई है। इस आयोजन की तैयारी में लगे कार्यकर्ताओं की एक बैठक प्रदेश कार्यालय में आयोजित की गई।

SC ने केस चलाने की मंजूरी दी

# जयपुर बम ब्लास्ट की अब सुप्रीम कोर्ट में होगी सुनवाई

बेधड़क | जयपुर/दिल्ली

राजधानी जयपुर में साल 2008 में हुए सिलसिलेवार बम धमाकों के मामले में आरोपियों को राजस्थान हाई कोर्ट की ओर से बरी करने के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में राज्य सरकार की विशेष अनुमति याचिका स्वीकार हो गई है। सुप्रीम कोर्ट अब हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ अपील पर सुनवाई करेगा। राज्य सरकार की ओर से घटना में दर्ज चार एफआईआर में एसएलपी पेश की गई थी, जबकि बम धमाकों को लेकर चार अन्य मामलों में पूर्व में ही विशेष अनुमति याचिकाएं पेश हो चुकी हैं।

न्यायालय संख्या 13 के तहत आइटम संख्या 26, 26.1, 26.2 और 37 में, जस्टिस एम.एम सुंदरेश और जस्टिस अरविंद कुमार के समक्ष सूचीबद्ध किए गए हैं। राज्य सरकार ने इन याचिकाओं को मुख्य अभियुक्तों, जिसमें सैफुर्रहमान अंसारी और शहबाज हुसैन, शहबाज अहमद शामिल हैं के खिलाफ दाखिल किया है। ये अभियुक्त 2008 में जयपुर में हुए भयानक घटना के दौरान बम लगाने और उसे अंजाम देने में मुख्य भूमिका निभाई थी। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और अतिरिक्त महाधिवक्ता शिव मंगल शर्मा राजस्थान सरकार की ओर से प्रस्तुत हुए। प्रारंभिक ट्रायल कोर्ट ने सैफुर्रहमान अंसारी को दोषी ठहराया था, जिसमें FIR



संख्या 118/2008 में उन्हें मृत्युदंड और कई अन्य FIRs (117/2008, 119/2008, 120/2008, 130/2008, 131/2008, 132/2008, और 133/2008) में उम्रकैद की सजा सुनाई गई थी। ये निर्णय और सजा 18 नवंबर, 2019 और 20 दिसंबर, 2019 को सुनाई गई थी।

गौरतलब है कि 13 मई, 2008 को शहर की चारदीवारी के भीतर स्थित बाजारों में सिलसिलेवार बम धमाके हुए थे, जिसमें दर्जनों लोगों की मौत के साथ ही कई लोग जख्मी हो गए थे। इस दौरान एक जगह से बम निरोधक दस्ते ने जिंदा बम भी बरामद किया था। प्रकरण में बम धमाकों के मामले में सुनवाई करते हुए विशेष न्यायालय ने मोहम्मद सैफ और सरवर आजमी सहित अन्य को आरोपी मानते हुए फांसी की सजा सुनाई थी। हालांकि बाद में हाई कोर्ट ने इनकी फांसी की सजा को रद्द कर इन्हें बरी कर दिया था, जबकि जिंदा बम मामले में विशेष अदालत में सुनवाई चल रही है।

## पेयजल से जुड़ी हर समस्या के समाधान के लिए सरकार तत्पर

बेधड़क | जयपुर

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने शुक्रवार को विधानसभा में कहा कि राज्य सरकार पेयजल से जुड़ी हर समस्या के समाधान के लिए तत्पर है और प्रदेश में जनता को पानी के लिए परेशान नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनता के पैसे का सदुपयोग कर पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। चौधरी प्रदेश में पेयजल की स्थिति पर चर्चा के बाद अपना जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि जनता के पैसे का सदुपयोग कर पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने बताया कि राजस्थान में देश के क्षेत्रफल का करीब 10 प्रतिशत हिस्सा है और देश की लगभग 5.50 प्रतिशत आबादी यहां निवास करती है लेकिन देश के कुल जल का लगभग 1.30 प्रतिशत ही यहां उपलब्ध है।

आय से अधिक संपत्ति


# DLB चीफ इंजीनियर के निजी सचिव के ठिकानों पर ACB की रेड

बेधड़क | जयपुर

राजधानी जयपुर में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की बड़ी कार्रवाई सामने आई है। एसीबी की टीम शुक्रवार को स्वायत्त शासन विभाग (डीएलबी) में पहुंची, जहां चीफ इंजीनियर के निजी सचिव विमलेश शर्मा के ऑफिस में दस्तावेज खंगाले गए। इसके साथ ही विमलेश शर्मा के आवास और अन्य ठिकानों पर भी एसीबी ने छापेमारी की गई। एसीबी से जुड़े सूत्रों के मुताबिक, विमलेश शर्मा के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति को लेकर शिकायत मिली थी। एसीबी की इंटेलिजेंस विंग ने इस शिकायत के आधार पर जांच शुरू की और शुक्रवार को विमलेश शर्मा के जयपुर सहित अन्य शहरों में स्थित ठिकानों पर छापेमारी की गई है। इस दौरान एसीबी की टीम ने कुछ दस्तावेज भी जुटाए हैं।

### 20 साल से एक सीट पर जमे निजी सचिव

एसीबी की जांच में सामने आया कि आरोपी विमलेश कुमार 20 साल से एक ही सीट पर कार्यरत है। वह डीएलबी डायरेक्टर का निजी है। विमलेश कुमार के आवास व ऑफिस समेत चार ठिकानों पर एसीबी ने सर्च की कार्रवाई की है। सर्च के दौरान एसीबी को 10 आवासीय व व्यवसायिक भूखंड होने के दस्तावेज मिले हैं। इसके अलावा लाखों रुपए के सोने-चांदी के आभूषण, सात बैंक खाते व एक बैंक लॉकर के दस्तावेज मिले हैं। भूखड़ों की कीमत करोड़ों रुपए में है।



### रिटायरमेंट से पहले छापेमारी

बताया जा रहा है कि विमलेश शर्मा एक महीने बाद सेवानिवृत्त होने वाले हैं। इससे पहले एसीबी को उनके खिलाफ आय से अधिक संपत्ति से संबंधित शिकायत मिली थी। इसे लेकर एसीबी की इंटेलिजेंस विंग ने सबूत जुटाए हैं। एसीबी के महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि विमलेश शर्मा के खिलाफ गोपनीय शिकायत मिली थी। इसमें अपने और परिजनों के नाम पर भ्रष्टाचार के साधनों द्वारा वैध आय से अधिक संपत्तियां अर्जित करने का आरोप था। संपत्तियों की कीमत भी करोड़ों रुपए में बताई गई. शिकायत का एसीबी की इंटेलिजेंस शाखा द्वारा गोपनीय सत्यापन किया गया और आय से अधिक संपत्तियां अर्जित करने के साक्ष्य मिलने पर आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज किया गया।

## सांचौर परिषद आयुक्त पर एसीबी का एक्शन



सांचौर जिला मुख्यालय पर नगर परिषद आयुक्त योगेश आचार्य के सांचौर स्थित सरकारी आवास सहित प्रदेशभर में 9 ठिकानों पर शुक्रवार को एसीबी की टीम ने छापा मारा। यह कार्रवाई उनके खिलाफ आय से अधिक संपत्ति की शिकायत के बाद की गई। एसीबी सूत्रों के अनुसार आयुक्त आचार्य ने बाड़मेर में नगर परिषद में रहते हुए 100 करोड़ से ज्यादा रुपए का घोटाला किया था। इसके अलावा बाड़मेर नगर परिषद में रहते हुए फर्जीवाड़े से सफाईकर्मी लगाए थे। सफाईकर्मियों की नियुक्ति के मामले में स्वायत शासन विभाग ने योगेश सहित अन्य अधिकारियों को सस्पेंड किया गया था। उसके बाद बहाल करके सांचौर लगाया था। एसीबी को आय से अधिक संपत्ति होने की शिकायत मिलने पर उसके सांचौर, पाली, जोधपुर व जयपुर स्थित 9 ठिकानों पर एसीबी ने सर्च की कार्रवाई की है। सर्च के दौरान एसीबी को योगेश आचार्य व उसके परिजनों के नाम से 7 आवासीय व व्यवसायिक भूखंड के दस्तावेज मिले हैं, जिनकी कीमत करोड़ों रुपए में है। इसके अलावा योगेश आचार्य के आवास पर 40 महंगी ब्रांडेड घड़ियां, सोने-चांदी के आभूषण, एक गोल्ड प्लेटेड मोबाइल, बैंक खाते व एक लॉकर के दस्तावेज मिले हैं। आचार्य के आवास की सर्च के दौरान एसीबी को 22 लाख रुपए की नकदी मिली है। नकदी के बारे में एसीबी ने पूछताछ की तो आचार्य कोई संतुष्टजनक जवाब नहीं दे पाए।

## जरूरी खबर

### गलता पीठ महंत की गद्दी से दूर रहेंगे अवधेशाचार्य



**जयपुर।** गलता पीठ तीर्थ के तत्कालीन महंत अवधेशाचार्य की नियुक्ति रद्द ही रहेगी। राजस्थान हाई कोर्ट की डिवीजन बैंच ने शुक्रवार को मंहत की स्टे एप्लीकेशन को खारिज कर दिया। अवधेशाचार्य व अन्य ने सिंगल बैंच के आदेश के खिलाफ डिवीजन बैंच में अपील करते हुए सिंगल बैंच फैसले पर रोक लगाने की मांग की थी। इस पर मुख्य न्यायाधीश एमएम श्रीवास्तव की खंडपीठ ने रोक लगाने से इनकार करते हुए अपील पर विस्तृत सुनवाई के लिए अक्टूबर में मामले को लिस्ट करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही कोर्ट ने कहा है कि अवधेशाचार्य अपने परिवार के साथ जिस प्रोपटी में रहे रहे हैं उन्हें वहां से बेदखल नहीं किया जाए। साथ ही अवधेशाचार्य को पाबंद किया है कि वे महंत की गद्दी पर कोई दावा नहीं करेंगे।

### खाली जमीन पर किया अतिक्रमण किया ध्वस्त

**जयपुर।** नगर निगम हेरिटेज के आमेर हवामहल जोन दस्ते ने कार्रवाई करते हुए शुक्रवार को खाली जमीन पर बनाए अवैध निर्माण को ध्वस्त किया है। इस संबंध जोन उपायुक्त करतार सिंह ने बताया कि आमेर में वार्ड नम्बर एक में चितांहरण हनुमानजी के मंदिर के पास खाली जमीन पर पास में रहने वाले शाहरूख ने ईंटो का पक्का निर्माण कर दुकानें बना ली थी। इस पर अवैध निर्माणकर्ता को जोन कार्यालय की ओर से नोटिस देकर अवैध निर्माण को हटाने के लिए पाबंद किया गया था, लेकिन निर्माणकर्ता ने दुकानें नहीं हटाई। इस पर शुकव्रार को आमेर हवामहल की जोन टीम ने सतर्कता शाखा की सहायता से अवैध निर्माण को जेसीबी ध्वस्त कर दिया। इस दौरान आमेर पुलिस थाना का जाब्ता भी मौजूद रहा।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खब़र, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

**ठेका प्रथा के विरोध में शहीद स्मारक पर दिया धरना, कर्मचारियों ने लगाया आरोप**

# बिल का आधा भी नहीं देते, उसका भी महीनों तक भुगतान नहीं

बेधड़क । जयपुर

अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ (एकीकृत) के नेतृत्व में प्रदेश के सभी विभागों और निगमों के हजारों ठेका कर्मचारियों ने ठेका प्रथा के विरोध में प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने राजस्थान लॉजिकल सर्विस डिलीवरी कॉर्पोरेशन (आरएलएसडीसी) के गठन की मांग को लेकर शहीद स्मारक पर प्रदर्शन किया और मुख्य सचिव सुधांश पंत को अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा।

महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष गजेंद्र सिंह राठौड़ ने कहा कि राज्य सरकार ने ठेका कर्मियों को शोषण से मुक्त करने के लिए बजट घोषणा 2023 में रेक्सको की तर्ज पर ठेका कर्मचारियों के लिए राजस्थान लॉजिकल सर्विस डिलीवरी कॉर्पोरेशन (आरएलएसडीसी) के गठन की घोषणा की थी। लेकिन, इसकी अधिसूचना आज तक जारी नहीं की।

राठौड़ ने कहा कि केंद्र सरकार जहां गरीब जनता और छोटे कर्मचारियों का पैसा सीधे ही उनके खातों में भुगतान कर उन्हें बिचौलियों से मुक्त कर रही है। वहीं राज्य सरकार इन बिचौलिया ठेकेदारों को पनपा रही है। जो इन ठेका कर्मियों का शोषण कर रहे हैं।



### विरोध करने पर निकालने की धमकी

राठौड़ ने बताया की कर्मचारियों के इन ठेकेदारों को राज्य सरकार से 17000 से 30000 रुपए प्रति ठेकाकर्मी बजट आवंटित होता है। लेकिन उन ठेका कर्मचारियों को मात्र 5000 से 7000 रुपए का ही भुगतान किया जाता है। विरोध करने पर उन्हें निकालने की धमकी दी जाती है। राठौड़ ने मुख्यमंत्री से मांग की है की बजट घोषणा- 2023 की क्रियान्विति में आरएलएसडीसी के गठन की अधिसूचना शीघ्र जारी कर इन ठेका कर्मियों को ठेकेदारों के चंगुल से मुक्त किया जाए।

### सालों पुराने कर्मियों को निकाला जा रहा

सभा में ठेका कर्मचारियों के अध्यक्ष नाथू सिंह गुर्जर ने कहा कि कई विभागों में ठेकेदारों के द्वारा 10 वर्ष से भी अधिक समय से कार्य कर रहे ठेका कर्मियों को अचानक निकाला जा रहा है। गुर्जर ने कहा कि आज के इस विरोध प्रदर्शन में शामिल चिकित्सा, पंचायती राज, सचिवालय, जन स्वास्थ्य, ऊर्जा विभाग, आबकारी, कोष, स्वायत्त शासन, शिक्षा विभाग, कृषि व लेखा विभाग सहित राज्य के सभी सरकारी , बोर्ड, निगम और आयोग के कर्मचारी शामिल हुए हैं।


**12 मंजिला अपार्टमेंट में रात 3:30 बजे शॉर्ट सर्किट से लगी आग...**

# 9वीं मंजिल पर 20 लोग फंसे लिफ्ट हुई बंद...घुटने लगा दम

**2 घंटे चला रेस्क्यू ऑपरेशन, पुलिस ने 250 फ्लैट खाली करवाए, लोगों ने मैरिज गार्डन में बिताई रात**

बेधड़क । जयपुर

'लोग सोए हुए थे। रात करीब 3:30 बजे अचानक फ्लैट्स में धुआं भरने लगा। दम घुटने से लोगों की नींद टूटी तो घबराकर लिफ्ट की ओर भागे, लेकिन वह भी बिजली नहीं होने से बंद थी। करीब दो घंटे बाद उन्हें बाहर निकाला गया, तब तक उनकी जान गले में अटकी रही।' इस परिस्थिति से दो चार हुए पत्रकार कॉलोनी के 12 मंजिला रॉयल तत्वम अपार्टमेंट में रहने वाले लोग। यहां वायर पैनल में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। अपार्टमेंट की पूरी वायरिंग (बिजली के तार) जलने लगी। इससे निकले धुएं से अपार्टमेंट की 9वीं मंजिल पर फंसे लोगों का दम घुटने लगा। मुहाना थाना पुलिस मौके पर पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। क्रेन (लैंडर मशीन) की मदद से 9वीं मंजिल पर फंसे करीब 20 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। पुलिस ने 2 घंटे रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर अपार्टमेंट के करीब 250 फ्लैट खाली करवाए और सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकालकर मैरिज गार्डन में भिजवाया।



### तार जलने की बदबू से खुली लोगों की नींद

एसीपी मानसरोवर संजय शर्मा ने बताया कि पत्रकार कॉलोनी में रॉयल तत्वम नाम से 12 मंजिला अपार्टमेंट है। अपार्टमेंट के 300 फ्लैट में से करीब 250 में परिवार रहते हैं। रात करीब 3:30 बजे अपार्टमेंट में अचानक बिजली की लाइनों से चिंगारी निकलने के साथ लाइट बंद हो गई। फ्लैट में सो रहे लोगों की लाइट बंद होने और तार जलने से उठी बदबू से नींद खुल गई। लोगों ने फ्लैट्स से बाहर देखा तो वायरिंग में आग लगी थी। आग की लपटें देखकर लोगों ने हंगामा मचाना शुरू कर दिया। फ्लैट्स में सो रहे लोगों को जगाकर आग लगने के बारे में बताया गया। आग लगने का पता चलने पर अपार्टमेंट में रहने वाले लोगों में दहशत फैल गई।

### पुलिस ने पहुंचकर निकाले लोग

एसएचओ मुहाना मदन लाल कड़वासरा ने बताया कि आग लगने की सूचना पर मुहाना थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर अपार्टमेंट से लोगों को बाहर निकालना शुरू किया। अपार्टमेंट की वायरिंग जलने से धुएं का गुब्बार उठने लगा। इससे लोगों का दम घुटने के साथ आंखों में जलन होने लगी। आग के कारण लिफ्ट बंद हो गई और धुएं से सीढ़ियों का रास्ता नजर नहीं आ रहा था।

### लैंडर मशीन की मदद निकाला बाहर

अपार्टमेंट की 9वीं मंजिल पर करीब 20 लोग फंस गए। फायर बिग्रेड की लैंडर मशीन मौके पर बुलाई गई। पुलिस ने लैंडर मशीन की मदद से करीब 2 घंटे रेस्क्यू कर लोगों को अपार्टमेंट से सुरक्षित बाहर निकाला। पुलिस ने करीब 250 फ्लैट खाली करवाकर उसमें रहने वाले परिवार की रुकने के लिए पास ही मैरिज गार्डन में व्यवस्था करवाई।

**100 से ज्यादा खड्डे किए दुरुस्त**

# बरसात से हुए डैमेज के कंट्रोल में जुटा निगम, पेचवर्क शुरू



बेधड़क। जयपुर

भारी बरसात के दौरान राजधानी की सड़कों पर हुए गड्ढों और क्षतिगस्त नालों को ठीक करने में हेरिटेज नगर निगम जुट गया। इस दौरान शुक्रवार शाम तक करीब 100 से ज्यादा गड्ढे दुरुस्त किए जा चके हैं।

हेरिटेज नगर निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा के निर्देश पर शहर में बरसात धीमी पड़ी तो हेरिटेज के इंजीनियर काम में जुट गए। शुक्रवार सुबह से ही बारिश में टूटी सड़कों को दुरुस्त किया जा रहा है। सड़कों पर बारिश के बाद हुए गड्ढों को भरवाने के साथ ही पेचवर्क करवाया जा रहा है। निगम से मिली जानकारी के अनुसार पेचवर्क कार्य सिविल लाइन जोन, हवा महल जोन, आदर्श नगर जोन में चल रहा है। जलमहल के सामने बारिश के बाद टूटी सड़क पर पेच वर्क करवाए जाने के साथ ही जयंती बाजार में हुए क्षतिग्रस्त नाले को भी ठीक किया गया। इसके साथ ही सोडाला, हसनपुरा, शास्त्री नगर इलाके में भी निगम के एक्सईएन, जेईएन अपनी टीम के साथ सड़क सुधार का कार्य करवा रहे हैं। वहीं जामडोली में धंसी हुई सड़क पर मोरम डालने का कार्य किया जा रहा है। वहां जेसीबी से सड़क पर मोरम को किया जा रहा सेट है। अभी तक 100 से ज्यादा गड्ढे दुरुस्त कए जा चुके हैं और निगमकर्मी लगातार जुटे हुए हैं।

**आराध्य देव के मंदिर में 12 से शुरू होगा जन्माष्टमी उत्सव**

# 15 दिन मनाएंगे 'गोविंद' जन्मोत्सव

बेधड़क । जयपुर

गोविंददेवजी मंदिर में 15 दिन तक भगवान कृष्ण का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। उत्सव की शुरुआत 12 अगस्त से होगी और 26 अगस्त को कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व मनाया जाएगा। इसके 27 अगस्त को नन्दोत्सव और शाम को शोभायात्रा निकाली जाएगी। वहीं, अलग-अलग दिन भजन कीर्तन और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।



जन्माष्टमी उत्सव के दौरान मंदिर में प्रतिदिन कई झांकियां सजाई जाएगी। इनमें विशेष बंगले और श्रृंगार झांकी मुख्य आकर्षण होगा। जन्माष्टमी महोत्सव के दौरान 12 अगस्त से 25 अगस्त तक झांकियों का समय भी अलग रहेगा। मंगला सुबह 5 बजे से 5:15 बजे तक, धूप झांकी सुबह 7:45 से 9 बजे तक रहेगा। श्रृंगार झांकी सुबह 9:30 से 10:15 बजे तक, राजभोग सुबह 10:45 से 11:15 बजे तक, ग्वाल झांकी शाम 5 बजे से 5:15 बजे तक। संध्या झांकी शाम 5:45 बजे से शाम 6:45 बजे तक, उत्सव दर्शन शाम 7 बजे से रात 8:30 बजे तक, वहीं शयन आरती रात 9 बजे से 9:15 बजे तक होगा। 12 अगस्त से कई कीर्तन मंडलियां नाम संकीर्तन, भजन संध्या और सांस्कृतिक कार्यक्रम करेंगे।

**रिश्वत लेकर नक्शे पास करने का आरोप, नगर निगम ग्रेटर ने जांच शुरू कराई**

# मिलिट्री एरिया के पास ग्रुप हाउसिंग को मंजूरी

बेधड़क । जयपुर

नगर निगम ग्रेटर के तत्कालीन आयुक्त और आईएएस अधिकारी महेन्द्र सोनी और उप नगर नियोजक (डीटीपी) अजय गोयल के खिलाफ रिश्वत लेकर नक्शे पास करने के आरोप लगे हैं। शिकायत के बाद नगर निगम ग्रेटर प्रशासन ने इसकी जांच शुरू करवा दी है। जांच के लिए डिप्टी कमिश्नर प्लानिंग (द्वितीय) को जांच अधिकारी, जबकि रेवेन्यू ऑफिसर हैडक्वार्टर को उपस्थापक अधिकारी नियुक्त किया है। इन दोनों से ये जांच सात दिन में पूरी करके देने के आदेश जारी किए हैं। ग्रेटर की अतिरिक्त आयुक्त से जारी इन जांच आदेशों में बताया गया है कि बनीपार्क राममंदिर स्थित मिलिस्ट्री एरिया से लगते भूखंड संख्या ए-2, ए-3 एवं ए-6 जमीन पर ग्रुप हाउसिंग की योजना का ले-आउट प्लान मंजूर किया गया।

इस ले-आउट प्लान को मंजूर करने से पहले न तो मिलिट्री की एनओसी ली गई, न ही नगरीय विकास विभाग और हाईकोर्ट के आदेशों की पालना की गई, जबकि हाईकोर्ट ने सामरिक सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मिलिस्ट्री एरिया से 100 मीटर की दूरी तक की दूरी पर निर्माण से पहले रक्षा मंत्रालय से अनुमति लेना जरूरी होता है। तत्कालीन कमिश्नर महेन्द्र सोनी, डीटीपी अजय गोयल समेत अन्य अधिकारियों ने इस नियमों को दरकिनार करते हुए इस प्रोजेक्ट को मंजूरी दे दी। इसकी शिकायत जब रक्षा मंत्रालय के यहां हुई तो वहां से आदेश आने के बाद राज्य सरकार ने जांच करने के आदेश दिए। इसके बाद अब नगर निगम ग्रेटर ने इसकी जांच शुरू करवा दी है।

इस मामले में एचसीएम रीपा में अतिरिक्त महानिदेशक पद पर नियुक्त महेन्द्र सोनी ने कहा- कि ये जो शिकायत की गई है, जो गलत है। हमने इस प्रोजेक्ट को सभी नियमों के तहत अप्रूवल दी है। हमने प्रोजेक्ट की फाइल को सरकार तक भिजवाया था और एम्पावर्ड कमेटी में भी मेयर के समक्ष रखकर मंजूरी दी थी। ये मेरी छवि को खराब करने के लिए किसी व्यक्ति ने शिकायत की है, जो गलत है।

**इंडिया ट्रेवल मार्ट की शुरुआत, आमेर फोर्ट को वेडिंग डेस्टिनेशन बनाने की मांग**

# राजस्थान को 'गांव की हवेली गांव के घर' के लिए मिला सम्मान

बेधड़क । जयपुर

राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में शुक्रवार से इंडिया ट्रेवल मार्ट (आईटीएम) की शुरुआत हुई। इस दौरान राजस्थान टूरिज्म को रूरल टूरिज्म के प्रमोशन 'गांव की हवेली गांव के घर' के लिए सम्मानित किया गया। मार्ट का उद्घाटन एसोसिएशन ऑफ डोमेस्टिक टूर ऑपरेटर्स ऑफ इंडिया के अध्यक्ष हेम सिंह, एफएचटीआर के अध्यक्ष कुलदीप सिंह चंदेला, राजस्थान एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स के अध्यक्ष महेंद्र सिंह राठौर ने दीप प्रज्जवलन कर किया।

डेस्टिनेशन वेडिंग पर सत्र में इवेंट मैनेजर गुंजन सिंघल ने आमेर महल को वेडिंग डेस्टिनेशन बनाने की मांग सरकार के सामने रखी। उन्होंने कहा कि यदि आमेर महल में शादियां होने लग जाए तो यह दुनिया की सबसे बड़ी वेडिंग डेस्टिनेशंस बन जाएगी। इस तरह की लोकेशन पूरी दुनिया में नहीं है। पहले सिसोदिया रानी के बाग में भी शादियां होती थी, लेकिन वहां भी बंद कर दी गई है।



### दुनियाभर से बढ़ जाएगी डिमांड

सिंघल ने कहा कि दुनियाभर के लोग जयपुर में शादी करने आ रहे हैं, यदि आमेर महल भी शादियों के वेन्यू के रूप में मिलने लग जाए तो सरकारी रेवेन्यू तो बढ़ने ही लग जाएगा। दुनियाभर से शादियों की डिमांड भी बढ़ जाएगी। इसके लिए इवेंट इंडस्ट्री तैयार है, हेरिटेज की सुरक्षित रखने के साथ यहां के लिए एक स्पेशल एसओपी भी बनाई जा सकती है। यूरोप में आप किसी भी फोर्ट में शादी कर सकते हैं। हम दुनिया के सबसे बेस्ट डेस्टिनेशन बन जाएंगे। इस सत्र में होटल इंडस्ट्री के लोगों ने शिरकत की और जयपुर में हो रही लग्जरी और डेस्टिनेशन वेडिंग की बढ़ती संख्या पर बात की।

### राष्ट्रीय यात्रा संघों ने प्लानिंग पेश की

आईसीएम ग्रुप (आईटीएम) के प्रबंध निदेशक अजय गुप्ता ने बताया कि इसमें विभिन्न राज्य पर्यटन बोर्डों और प्रतिष्ठित राष्ट्रीय यात्रा संघों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई और अपनी प्लानिंग को लोगों के सामने पेश किया। हमारा उद्देश्य डोमेस्टिक टूरिज्म को बढ़ावा देना है। यह हमारा 25वां साल है और हम इसे जयपुर में सेलिब्रेट कर रहे हैं।

### दिए गए टूरिज्म अवॉर्ड

इस दौरान राजस्थान टूरिज्म को रूरल टूरिज्म के प्रमोशन गांव की हवेली गांव के घर के लिए सम्मानित किया गया। सर्वश्रेष्ठ आध्यात्मिक स्थल के लिए उत्तराखंड टूरिज्म को अवॉर्ड दिया गया। डोमेस्टिक टूरिज्म के प्रमोशन के लिए मध्यप्रदेश टूरिज्म को सम्मानित किया गया। बेस्ट एडवेंचर डेस्टिनेशन का अवॉर्ड हिमाचल प्रदेश टूरिज्म को, अनएक्स्प्लोर डेस्टिनेशन प्रमोशन के लिए झारखंड टूरिज्म को अवॉर्ड दिया गया। स्टेच्यू ऑफ यूनिटी के लिए बेस्ट एमर्जिंग टूरिज्म डेस्टिनेशन का अवॉर्ड गुजरात टूरिज्म को मिला।

## जरूरी खबर

### जनविरोधी नीतियों के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन



**अजमेर।** शहर जिला कांग्रेस कमेटी ने राज्य और केंद्र सरकार की कथित जनविरोधी नीतियों के खिलाफ अजमेर कलेक्ट्रेट पर शुक्रवार को प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं की पुलिस से धक्का-मुक्की भी हुई। इसके बाद विभिन्न समस्याओं को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन दिया गया। प्रदर्शन के दौरान पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़, पूर्व विधायक राजकुमार जयपाल, निवर्तमान जिला अध्यक्ष विजय जैन आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### एक्सप्रेस-वे पर सड़क हादसे में दो युवकों की मौत

**दौसा।** जिले के लालसोट के पास दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस वे पर चैनल पिलर नंबर 212 पर गुरुवार रात 2:30 बजे पशुओं से भरी पिकअप को पीछे से आ रहे मिनी ट्रक ने टक्कर मार दी। इससे पिकअप सवार दो लोगों की और 2 भैसों की मौत हो गई, वहीं एक युवक घायल हो गया। राहुवास थाने के ड्यूटी अधिकारी ने बताया घायल और मृतक पिकअप में सवार थे और पशुओं की खरीद फरोख्त का काम करते हैं। सवाई माधोपुर से दिल्ली पशु लेकर जा रहे थे। इसी दौरान हादसा हो गया। हादसे में पिकअप ड्राइवर पिंटू (35) की मौके पर मौत हो गई। वहीं सवारी राजू बंजारा (25) की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई।

### सीमेंट फैक्ट्री से चोरी हुए 1.20 लाख रु. बरामद



**कुचामनसिटी।** डीडवाना कुचामन जिले के मौलासर थाना पुलिस ने शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए 1 करोड़ 20 लाख रुपए की नकदी बरामद की है। पुलिस के मुताबिक मौलासर निवासी एक आरोपी यह नकदी निंबाहेड़ा स्थित जेके सीमेंट फैक्ट्री से चोरी कर फरार हुआ था। इसके बाद आरोपी यह नकदी कुचामन सिटी स्थित अपने मामा के घर पर रखकर फरार हो गया था। निंबाहेड़ा पुलिस से इसकी सूचना मौलासर पुलिस को मिलने पर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए नकदी से भरा बैग बरामद कर लिया। पुलिस अधीक्षक राजेंद्र कुमार मीणा ने बताया कि तकनीकी साक्ष्य एवं सूचनाओं के आधार पर आरोपी की तलाश शुरू कर दी गई है।

## ग्रामीणों की सूचना पर रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए मौके पर पहुंची थी वन विभाग की टीम

# कुएं में गिरा लेपर्ड, रात में ग्रामीणों ने देखा और सुबह ओझल

**बेधड़क** | उदयपुर

उदयपुर-मंगलवाड़ नेशनल हाइवे पर भटेवर कस्बे के पास गुरुवार रात एक खेत में लेपर्ड को देखा गया। इस बीच लेपर्ड शिकार के लिए एक बाड़े में घुस गया। ग्रामीणों ने शोर मचाकर उसे भगाया। भीड़ को देखकर लेपर्ड हाईवे की तरफ भागा और एक कुएं में गिर गया।



सूचना मिलने पर भटेवर पुलिस चौकी से जाब्ता मौके पर पहुंचा और भींडर रेंज को सूचना दी। टीम ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। टीम पिंजरा भी साथ लेकर आई। साथ में क्रेन भी मंगाई गई। सुबह तक टीम वहीं डेरा डाले रही और काफी देर तक लेपर्ड अंदर नहीं दिखा। भटेवर सरपंच हेमंत अहीर ने बताया कि रात को करीब साढ़े बारह बजे लेपर्ड के आने की सूचना मिली। इसके बाद रात करीब ढाई बजे वन विभाग की टीम भी पहुंच गई थी। क्षेत्रीय वन अधिकारी कैलाश मेनारिया ने बताया कि लेपर्ड कुएं के बीच बैठा नजर आया, लेकिन सुबह से लेपर्ड नहीं दिखा।

ऐसे में या तो लेपर्ड अंधेरे में वहां से निकल कर भाग गया या वह पानी में डूब गया। मेनारिया ने बताया कि रात के समय में लेपर्ड ने अंदर से निकलने के लिए अंदर छलांग भी लगाई लेकिन नहीं निकल पाया। उन्होंने बताया कि रेस्क्यू टीम वापस उदयपुर निकल गई और यहां स्थानीय स्टाफ लगाया गया है जो पूरी निगरानी कर रहा है।

### गांव में घुसा पैंगोलिन, ग्रामीण खौफजदा... वन विभाग ने किया रेस्क्यू

**धौलपुर।** जिले के सैपऊ उपखंड के गांव नुनेहरा में शुक्रवार को पैंगोलिन के घुस आने से ग्रामीण खौफजदा हो गए। इसकी सूचना वन विभाग को दी गई, मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने पैंगोलिन को रेस्क्यू कर उसे सुरक्षित केशरबाग सेंचुरी में छोड़ दिया। रेंजर राजेश मीणा ने बताया कि पैंगोलिन एक दुर्लभ प्रजाति का स्तनधारी प्राणी है। उसके शरीर पर केराटिन के शल्कनुमा संरचना बनी होती है, जिससे ये अन्य प्राणियों से अपनी रक्षा करता है। ये अफ्रीका और एशिया में प्राकृतिक रूप से



पाया जाता है। शुक्रवार को सैपऊ उपखंड के नुनेहरा गांव में इसके प्रवेश करने की सूचना मिली, जिसके बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू कर उसे सुरक्षित केशरबाग सेंचुरी में छोड़ दिया। हालांकि, गांव में इसके घुसने से ग्रामीण डर गए थे और लोगों ने अपने घरों के दरवाजे बंद कर लिए थे। रेंजर ने बताया कि पैंगोलिन के मांस का व्यापार होने के कारण इसकी सभी प्रजातियां अब आहिस्ते-आहिस्ते विलुप्ति के कगार पर पहुंच चुकी हैं। 80 के दशक ये चींटीखोर रेगिस्तानी इलाकों के अलावा देश के करीब हर भौगोलिक क्षेत्रों में दिखाई देता था। दूर से देखने में ये छोटा डायनासोर जैसा प्रतीत होता है। , पैंगोलिन बहुत शर्मीला और सीधा किस्म का जानवर है. ये ज्यादातर चींटी, कीड़े और दीमक खाकर अपना पेट भरता है।

## बांसवाड़ा में बवाल: न्यूक्लियर पावर प्लांट को लेकर हिंसा

# ग्रामीणों और पुलिस में भिड़ंत... पथराव के बाद किया लाठीचार्ज

**बेधड़क । बांसवाड़ा**

प्रदेश के आदिवासी बहुल बांसवाड़ा जिले में प्रस्तावित न्यूक्लियर पावर प्लांट के लिए विस्थापन की कार्रवाई तेज होते ही वहां बवाल मच गया। शुक्रवार को प्रभावित परिवारों ने जब इसका विरोध किया तो पुलिस ने उनको खदेड़ने के लिए हल्का लाठीचार्ज कर दिया। इससे ग्रामीण भड़क उठे और उन्होंने पुलिस पर पथराव कर दिया। हालात देखकर पुलिस ने भीड़ को तीतर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे। इससे वहां हालात और बिगड़ गए। उसके बाद पुलिस ने फिर लाठियां भांजी। लगातार बिगड़ते माहौल को देखकर वहां कई थानों की पुलिस और अतिरिक्त फोर्स भेजी गई है। इस बीच बारिश आ जाने से माहौल कुछ ठंडा पड़ गया, लेकिन तनाव बना हुआ है। बांसवाड़ा जिले के छोटी सरवन इलाके में 2800 मेगावाट का न्यूक्लियर पावर प्लांट लगना प्रस्तावित है। इसके लिए वहां ग्रामीणों की जमीन अवाप्त की गई है। प्लांट से प्रभावित हो रहे लोग मुआवजा देने के बावजूद भी जमीन खाली नहीं कर रहे थे। लिहाजा शुक्रवार को पुलिस प्रशासन ने उनको वहां से हटाने के लिए सख्त कदम उठाया, लेकिन पुलिस प्रशासन की तैयारियां उस समय धरी रह गई जब हजारों की संख्या में ग्रामीण और महिलाएं इसके विरोध में उतर आए और उन्होंने वहां प्रदर्शन शुरू कर दिया।



### तीन जिलों का पुलिस बल मौके पर पहुंचा

पुलिस प्रशासन को ग्रामीणों के विरोध का अंदाजा था। इसलिए शुक्रवार सुबह इस कार्रवाई को अंजाम देने के लिए तीन जिलों का भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा। उन्होंने प्रभावितों को सुरक्षित स्थान पर ले जाने की प्रक्रिया शुरू कर दी। उसी दौरान विरोध हो गया। यह पावर प्लांट सितंबर माह में बनना शुरू होना है, इसलिए प्रशासन ने विस्थापन की प्रक्रिया को जल्द से पूरा करने के लिए यह कदम उठाया।

### बारिश ने थामा टकराव, लेकिन तनाव अभी भी बरकरार

प्रभावित लोगों को मौके से हटाने को लेकर जब विरोध होने लगा तो पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर उनको खदेड़ने की कोशिश की। इससे भीड़ भड़क उठी। यह बात ग्रामीणों को नागवार गुजरी और वे उग्र हो गए। उन्होंने पुलिस पर पत्थर फेंकने शुरू कर दिए। इससे पुलिसकर्मी आक्रोशित हो गए। जवाब में उन्होंने आंसू गैस के गोले दागने शुरू कर दिए। इससे माहौल और खराब हो गया, लेकिन इसी बीच वहां तेज बारिश आ जाने से पुलिस और ग्रामीणों में एकबारगी टकराव थम गया है, लेकिन वहां तनाव फैला हुआ है। हालात को देखते हुए और भी पुलिस फोर्स को बुलाया लिया गया है। पुलिस और प्रशासन के आलाधिकारी मौके पर डटे हुए हैं।



### क्या है पूरा मामला

बांसवाड़ा जिले के छोटी सरवन क्षेत्र में 2800 मेगावाट न्यूक्लियर पावर प्लांट प्रस्तावित है। सरकार ने यहां से जमीन भी अधिग्रहित की है। परमाणु बिजली घर का निर्माण कार्य शुरू होने से पहले इस क्षेत्र में आने वाले 6 गांवों बारी, सजवानिया, रेल, खड़िया देव, आडीभीत और कटुम्बी आदि गांव में रहने वाले करीब 3 हजार लोगों को विस्थापित किया जाना है। इन परिवारों को सरकार द्वारा 415 करोड़ रुपए का मुआवजा दिया जा चुका है। इसके बदले में 553 हेक्टेयर जमीन अवाप्त की गई है। इसके साथ ही खड़िया देव में 60 हेक्टेयर जमीन विस्थापित होने वाले लोगों के लिए मकान बनाने के लिए अवाप्त की है। विस्थापित होने वाले ग्रामीणों की मांग है कि इससे प्रभावित परिवार के सभी युवाओं को यहां रोजगार उपलब्ध कराया जाए और परिवार के हर



व्यक्ति को अलग यूनिट मानकर आवास और रोजगार मिले। इसके बाद ही वो यहां से विस्थापित होंगे। अब जबकि इसका निर्माण कार्य शुरू होने को है इसको लेकर इन गांव में रहने वाले लोगों को विस्थापित करने की प्रक्रिया शुरू हुई तो ग्रामीणों ने इसका विरोध किया और कहा कि उनकी मांगों को अभी पूरा नहीं किया गया है। जब तक उनकी मांगों को पूरा नहीं किया जाएगा तब तक वह विस्थापित नहीं होंगे। इसको लेकर परमाणु बिजली घर के प्रबंधकों द्वारा पुलिस से संपर्क कर उनकी सहायता से लोगों को विस्थापित करने की प्रक्रिया शुरू की गई तो ग्रामीणों ने इसका विरोध करना शुरू कर दिया है।

## पुलिस ने एक बदमाश को धरदबोचा...

# गो तस्करों और पुलिस के बीच मुठभेड़



**बेधड़क** | भरतपुर

डीग जिले में गुरुवार देर रात गो-तस्करी करते हुए बदमाशों और पुलिस के बीच मुठभेड़ हो गई। दोनों तरफ से गोलियां चलीं, लेकिन पुलिस ने बदमाशों का पीछा करना नहीं छोड़ा। इस घटना में एक तस्कर को पकड़ लिया गया, जबकि तीन भागने में कामयाब रहे।

कैथवाड़ा थाना क्षेत्र में पुलिस को खबर मिली थी कि कुछ लोग एक गाड़ी में गायों को भरकर ले जा रहे हैं। पुलिस की यूआरटी टीम ने तुरंत एक्शन लेते हुए गाड़ी का पीछा किया। खुद को घिरता देख बदमाशों ने पुलिस पर गोलियां चला दीं। इसके बाद पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की और गोलियां चलाई।

### गो-तस्करी के लिए बदनाम मेवात इलाका

डीग जिले का मेवात इलाका गो-तस्करी के लिए बदनाम रहा है। स्थानीय लोग इस गैर-कानूनी धंधे में शामिल पाए गए हैं। पुलिस समय-समय पर कार्रवाई भी करती है, लेकिन यह धंधा रुकने का नाम नहीं ले रहा है। ऐसे में गुरुवार की रात हुई मुठभेड़ से लोगों में भी डर का माहौल बना हुआ है।

### एक को धरदबोचा, तीन हुए फरार

डीग के पुलिस अधीक्षक राजेश मीणा ने बताया कि मुठभेड़ के दौरान पुलिस ने एक तस्कर को धर दबोचा। उसकी पहचान जुरहरा थाना क्षेत्र के गांव सहसन निवासी कमल जाटव के रूप में हुई है। हालांकि, उसके तीन साथी भागने में सफल रहे। इस मामले में पुलिस का कहना है कि पुलिस ने जब गो तस्करों का पीछा किया और गाड़ी को रोकने का प्रयास किया तो तस्करों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी।

## आरोपी पर था 5 हजार का इनाम घोषित

# आठ वर्ष से फरार कत्ल का आरोपी अरेस्ट

**अजमेर।** पुष्कर थाने की स्पेशल टीम ने आठ वर्ष से फरार रामेश्वर हत्याकांड के आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी पर 5 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था। आरोपी को कोर्ट में पेश किया है। इस मामले में चार आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

अजमेर के एसपी देवेंद्र विश्नोई ने बताया कि अक्टूबर 2016 में पुष्कर थाने में गीता देवी नाम की एक महिला ने मामला दर्ज करवाया था। इसमें उसने बताया कि उसका पति रामेश्वर, वह और उसकी बेटी खेत पर काम कर रहे थे। इस दौरान एक दर्जन से अधिक लोग पिकअप लेकर खेत में घुस आए। जब उनका विरोध किया तो उन्होंने पति रामेश्वर पर हमला कर दिया। आरोपियों ने रामेश्वर के साथ मारपीट की। इस दौरान कुछ लोगों ने रामेश्वर के मुंह में जबरन विषाक्त पदार्थ डाल दिया। इससे उसकी मौत हो गई थी।

## अक्टूबर 2025 तक पूर्ण होगा काम

# उदयपुर सिटी रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास पर खर्च होंगे 354 करोड़ रुपए

**बेधड़क** | उदयपुर

रेलवे द्वारा उदयपुर सिटी स्टेशन को विश्वस्तरीय सुविधाओं से युक्त करने के लिए पुनर्विकास कार्य युद्ध स्तर पर कार्य किया जा रहा है। इस कार्य को लगभग 354 करोड़ रुपए की लागत से किया जा रहा है।

उदयपुर सिटी स्टेशन के पुनर्विकास के कार्य को अक्टूबर 2025 तक पूर्ण किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। स्टेशन के पुनर्विकास के अंतर्गत बिल्डिंग निर्माण में मेवाड़ क्षेत्र की परंपरा व आधुनिक वास्तुकला और विरासत का मिश्रण किया गया है। बिल्डिंग का मुख्य भाग उदयपुर क्षेत्र की स्थानीय विरासत के अनुरूप होगा तथा राजस्थान की समृद्ध संस्कृति




को प्रदर्शित करेगा। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार महाप्रबंधक अमिताभ के दिशा निर्देशन में उत्तर पश्चिम रेलवे पर स्टेशनों के पुनर्विकास का कार्य मिशन मोड पर किया जा रहा है। इसी क्रम में उदयपुर सिटी स्टेशन के पुनर्विकास का कार्य भी लक्ष्यानुसार किया जा रहा है।


### यात्रियों को मिलेंगी हाईटेक सुविधाएं

कैप्टन शशि किरण के अनुसार उदयपुर सिटी स्टेशन के पुनर्विकास के अंतर्गत वर्तमान में द्वितीय प्रवेश द्वार की ओर स्थित स्टेशन भवन को पूरी तरह से तोड़ कर नई बिल्डिंग के आरसीसी फ्रेम व बेसमेंट का संरचनात्मक कार्य पूर्ण कर लिया गया है और फिनिशिंग का कार्य जारी है। स्टेशन के मुख्य प्रवेश द्वार की बिल्डिंग का संरचनात्मक कार्य, नया आरपीएफ थाना सहित अन्य निर्माण कार्य किए जा रहे हैं। द्वितीय प्रवेश द्वार की ओर स्थित मौजूदा पार्किंग को वैकल्पिक स्थान पर स्थानांतरित कर दिया गया है। इसके साथ ही सर्कुलेटिंग एरिया में स्थित महाराणा प्रताप की प्रतिमा को वैकल्पिक स्थान पर स्थानांतरित कर दिया गया है। उदयपुर सिटी स्टेशन पर पुनर्विकास कार्यों के अंतर्गत अनेक यात्री सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी जिसमें प्रस्थान ब्लॉक में (क्लॉक रूम, पूछताछ, शौचालय, बैगेज स्कैनर, एक्सेस कंट्रोल गेट, कियोस्क) और आगमन ब्लॉक में (टिकट काउंटर, शौचालय, पर्यटक सूचना केंद्र, एक्सेस कंट्रोल गेट, रेलवे कार्यालय, सीसीटीवी रूम, सर्वर रूम, बेबी केयर रूम, कुली कक्ष, टिकट काउंटर, पूछताछ, बैगेज स्कैनर, प्रीमियम रिटायरिंग रूम) इत्यादि शामिल हैं। उदयपुर सिटी रेलवे स्टेशन को लगभग 40,000 यात्री प्रतिदिन की क्षमता के लिए डिजाइन किया गया है। विशाल रूफ प्लाजा/कॉनकोर्स जो दोनों तरफ की इमारतों और सभी प्लेटफार्मों को जोड़ेंगे, इसका आकार 56 मीटर गुना 72 मीटर होगा और जिसमें एक ही स्थान पर रिटेल शॉप, कैफेटेरिया, षॉपिंग सेन्टर और अन्य सुविधाएं उपलब्ध होगी। अधिक यात्री भार को ध्यान में रखते हुए 1000 यात्रियों के बैठने की व्यवस्था होगी। साथ ही एग्जीक्यूटिव लाउंज, पर्यटक सूचना केंद्र, और फूड कोर्ट जैसी सुविधाएं भी विकसित की जा रही है। इस कार्य के अंतर्गत स्टेशन पर लगभग 86,000 वर्ग मीटर क्षेत्र का विकास किया जाएगा जिसमें पूर्व और पश्चिम स्टेशन भवन, कार्यालय, कॉनकोर्स, बेसमेंट, पार्किंग क्षेत्र, प्लेटफॉर्म और ट्रैक पर छत भी शामिल हैं। लगभग 9000 वर्गमीटर क्षेत्र में नए प्लेटफॉर्म शेल्टर, यात्रियों के लिए 20 लिफ्ट और 26 एस्केलेटर लगाए जाएंगे।

## विश्व अंगदान दिवस पर रोशनी से जगमगाए राजधानी के ऐतिहासिक स्थल



**जयपुर।** आज विश्व अंगदान दिवस है। दिवस की पूर्व संध्या पर शहर के सभी प्रमुख ऐतिहासिक स्मारकों और स्थलों पर अंगदान जागरूकता को समर्पित हरे रंग की रोशनी की गई है । एमएफजेसीएफ प्रमुख व पूर्व राज्यमंत्री राजीव अरोड़ा और संयोजक भावना जगवानी के प्रयास और पहल पर गत पांच वर्ष से इस तरह की शुरुआत की गई है। गौरतलब है एमएफजेसीएफ की स्थापना ग्यारह वर्ष पूर्व राजस्थान में अंगदान जागरूकता की मुहिम के उद्देश्य से की गई थी और फाउंडेशन के प्रयास के बदौलत आज राजस्थान अंगदान में उत्तर भारत में प्रथम स्तर पर है।



## सीबीएसई सप्लीमेंट्री का रिजल्ट जारी

**बेधड़क** | नई दिल्ली

सीबीएसई ने कक्षा 12वीं के कंपार्टमेंट या सप्लीमेंट्री परीक्षा के रिजल्ट को रिलीज कर दिया है। रिजल्ट ऑफिशियल बोर्ड की वेबसाइट चेक किया जा सकता है। छात्र अपने रोल नंबर, स्कूल नंबर, एडमिट कार्ड आईडी और सिक्युरिटी पिन डालकर रिजल्ट देख सकेंगे।

छात्र को सलाह है कि वे अपने रिजल्ट को डाउनलोड कर ले और भविष्य के लिए रिजल्ट का प्रिंट आउट जरूर ले लें। सीबीएसई ने छात्रों के लिए रिजल्ट को डिजिलॉकर पर भी उपलब्ध कराया है। गौरतलब है कि सीबीएसई बोर्ड 10वीं और 12वीं की कंपार्टमेंट परीक्षाएं 15, 16, 18, 19, 20 और 22 जुलाई को आयोजित की गई थीं।

### ओलंपिक के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले बने पहले भारतीय पुरुष खिलाड़ी

# लक्ष्य की सेमीफाइनल में एंट्री

**एजेंसी** | पेरिस

ओलंपिक में पीवी सिंधु और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी-चिराग शेट्टी को मिली हार से निराश भारतीय फैंस को युवा शटलर लक्ष्य सेन ने अपने जबरदस्त प्रदर्शन से खुशी दी है। लक्ष्य सेन ने पेरिस ओलंपिक 2024 में मेंस सिंगल्स बैडमिंटन के सेमीफाइनल में जगह बनाकर इतिहास रच दिया। इसके साथ ही वो ओलंपिक इतिहास में सेमीफाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय पुरुष खिलाड़ी बन गए।

लक्ष्य ने अपने क्वार्टर फाइनल मैच में पिछड़ने के बाद जोरदार वापसी करते हुए ताइवान के शटलर को 19-21, 21-15 & 21-12 से हराया और सेमीफाइनल का टिकट कटाया।



दरअसल एक दिन पहले ही भारत को बैडमिंटन कोर्ट में दोहरा झटका लगा था।

देश के लिए मेडल की बड़ी उम्मीद रही स्टार शटलर पीवी सिंधु लगातार तीसरा ओलंपिक मेडल जीतने से चूक गईं। उन्हें प्री-क्वार्टर फाइनल में ही हार का सामना करना पड़ा था। वहीं मेंस डबल्स में सात्विक-चिराग की सुपरस्टार जोड़ी को भी दिल तोड़ने वाली हार झेलनी पड़ी थी और वो भी क्वार्टर फाइनल में बाहर हुए थे। ऐसे में बैडमिंटन में भारत की आखिरी उम्मीद लक्ष्य ही थे, जिन्होंने प्री-क्वार्टर फाइनल में भारत के ही अपने सीनियर एचएस प्रणॉय को हराया था।

### पहला गेम हारने के बाद जोरदार वापसी

लक्ष्य के सामने हालांकि चुनौती आसान नहीं थी क्योंकि ताइवान के खिलाड़ी चाऊ टिएन चेन के खिलाफ 4 मुकाबलों में वो सिर्फ 1 ही जीत सके थे। इस मैच की शुरुआत भी लक्ष्य के लिए अच्छी नहीं रही थी और कड़ी टक्कर में ताइवानी खिलाड़ी ने 21-19 से पहला गेम जीत लिया। इसके बाद लक्ष्य ने हैरतअंगेज अंदाज में वापसी की और चाऊ को संभलने का मौका भी नहीं दिया। लक्ष्य ने अगले दोनों गेम में ताइवानी शटलर की कोशिशों को नाकाम किया और ताकतवर स्मैश-चालाकी भले ड्रॉप शॉट्स से मैच अपने नाम कर लिया।

### अंकिता-धीरज ब्रॉन्ज मेडल से चूके, अब दीपिका-भजन से आस

पेरिस ओलंपिक 2024 में तीरंदाजी की मिक्स्ड टीम इवेंट में अंकिता भकत और धीरज बोम्मादेवरा ब्रॉन्ज मेडल जीतने से चूक गए। ब्रॉन्ज मेडल मैच में अंकिता-धीरज को यूएसए के ब्रैडी एलिसन और केसी काफहोल्ड ने 2-6 से हराया।लेकिन अभी तक पोडियम तक पहुंचने में नाकाम रहे हैं। इधर, अब पेरिस ओलंपिक में भारत को दीपिका कुमारी और भजन कौर से उम्मीदें हैं। दीपिका और भजन महिलाओं की व्यक्तिगत तीरंदाजी स्पर्धा के प्री- क्वार्टर फाइनल में पहुंच चुकी हैं। दीपिका प्री क्वार्टर फाइनल में शनिवार को जर्मनी की मिशेल क्रोपेन से सामने करेंगी। वहीं 3 अगस्त को ही भजन कौर का सामना इंडोनेशिया की डायनंदा चोइरुनिसा से होगा।

## आरआर होम्स सोसायटी में लगाए 101 पेड़



**बेधड़क** | जयपुर


जेडीए टाउनशिप किशोरपुरा हाथोज स्थित आरआर होम्स सोसायटी की ओर से पर्यावरण सरंक्षण के लिए सोसायटी में पौधारोपण कार्यक्रम और सदस्यों की मीटिंग का आयोजन किया गया। सोसायटी सदस्य ओमप्रकाश वर्मा ने सभी सदस्यों को धरती के बढ़ते तापमान को नियंत्रित करने के लिए पर्यावरण सरंक्षण और अधिक से अधिक पौधारोपण करने के लिए कहा। इस अवसर पर सोसायटी सदस्यों ने 101 पेड़ लगाकर हरियालो राजस्थान अभियान की शुरूआत की। सदस्य छोटू राम सिंवार, हरेंद्र चौधरी, कमलेश शर्मा, नरेंद्र सिंह राठौड़ और भूपेंद्र सिंह राठौड़ ने आने वाले समय में पूरी सोसायटी को हरा भरा बनाने की जिम्मेदारी ली और 1 हजार पेड़ लगाकर उनको बड़ा पेड़ बनने तक देखभाल का संकल्प भी लिया।

## Yuva स्टोरीज

### पर्यावरण संरक्षण के अनूठी पहल, पदाधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी

## शिक्षक संघ रेसटा अपने स्थापना दिवस लगाएगा 11हजार पौधे

**जयपुर।** शिक्षक संघ एलीमेंट्री सेकेंडरी टीचर एसोसिएशन (रेसटा) की ओर से अपने स्थापना दिवस पर राज्य भर के सरकारी स्कूलों, कार्यालयों सहित सार्वजनिक स्थानों पर 11 हजार पौधे लगाएं जाएंगे। संघ के प्रदेशाध्यक्ष मोहर सिंह सलावद ने संघ के सभी प्रदेश, जिला व ब्लॉक पदाधिकारियों सहित सभी सदस्यों को संघ के स्थापना दिवस 5 सितंबर तक अपने अपने सरकारी स्कूल, सार्वजनिक स्थानों सहित सरकारी कार्यालयों में पौधे लगाने के लिए पत्र लिखा है। प्रदेशाध्यक्ष सलावद ने बताया कि संघ की ओर से पर्यावरण संरक्षण के लिए हर बार अगस्त माह व शिक्षक संघ रेसटा के स्थापना दिवस 5 सितंबर को 11 हजार पौधे लगाएं जाते है। गौरतलब है कि संघ की स्थापना 5 सितंबर,2019 को हुई थी। संघ का प्रदेश कार्यालय बीकानेर में स्थित है। संघ के प्रदेश सभाध्यक्ष काशी सारस्वत, प्रदेश महामंत्री नवल सिंह मीना, प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष मंशाराम खिजूरी, प्रदेश संरक्षक सफी मोहम्मद मंसूरी, प्रदेश महासचिव लाखन सिंह गुर्जर, प्रदेश मीडिया चेयरपर्सन राजीव चौधरी, प्रदेश कोषाध्यक्ष, श्याम सुन्दर बिश्नोई, प्रदेश संगठन मंत्री राजेश रेबारी, भरतपुर मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार मीणा,कोटा मंडल अध्यक्ष पप्पू लाल चंडालिया, जयपुर मंडल अध्यक्ष मोहन लाल मीणा को इसके लिए जिम्मेदारी दी गई है व संभाग वार जिलाध्यक्ष से संपर्क करके अधिक से अधिक संख्या में पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण करवाएं।




### आरपीएससी में शिक्षा विभाग की डीपीसी बैठक आयोजित

**अजमेर।** राजस्थान लोक सेवा आयोग सदस्य प्रो. अय्यूब खान की अध्यक्षता में राजस्थान शिक्षा (राज्य एवं अधीनस्थ) सेवा विभाग की पदोन्नति समिति बैठक आयोजित की गई। बैठक में अतिरिक्त निदेशक, संयुक्त निदेशक, उप निदेशक एवं वरिष्ठ निजी सचिव के पदों पर पदोन्नति के लिए वर्ष 2024-25 के प्रकरणों पर विचार किया गया। संयुक्त शासन सचिव शिक्षा (ग्रुप-2) विभाग मनीष गोयल, उपनिदेशक (रीजनल) स्वायत्त शासन विभाग, अजमेर भावना गर्ग (कार्मिक विभाग प्रतिनिधि) एवं निदेशक माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान आशीष मोदी डीपीसी बैठक में बतौर सदस्य सम्मिलित हुए।

### एचपीएससी: 7 से 27 अगस्त तक होंगे ऑनलाइन आवेदन

## हरियाणा सरकार ने असिस्टेंट प्रोफेसर के 2424 पदों के लिए निकाली भर्ती

**एजेंसी** | चंडीगढ़

हरियाणा लोक सेवा आयोग ने 2424 सहायक प्रोफेसर पदों के लिए भर्ती निकाली है। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। इन पदों से हरियाणा के उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत राज्य भर में विभिन्न विषयों के पद भरे जाएंगें। भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 07 अगस्त से शुरू होगी और अंतिम तिथि 27 अगस्त रहेगी। उच्च शिक्षा विभाग में विभिन्न विषयों में सहायक प्रोफेसर (कॉलेज कैडर) की भर्ती अभियान के तहत आयोग ने विस्तृत पीडीएफ अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी है। उम्मीदवार वहां भर्ती संबंधी जानकारी ले सकते हैं।

यह भर्ती अभियान विभिन्न विभागों में कुल 2,424 रिक्तियों की भर्ती के लिए किया जा रहा है, इनमें से 1,273 रिक्तियां सामान्य वर्ग के लिए, 429 एससी के लिए, 361 बीसीए के लिए, 137 बीसीबी के लिए, 124 ईएसएम के लिए और 106 रिक्तियां हैं।




### आयु सीमा

उम्मीदवारों की आयु आयोग को आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि यानि 15.07.2024 से ठीक पहले के महीने के 15 दिनों के पहले 21 वर्ष से कम और 42 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। मानदंडों के अनुसार श्रेणीवार ऊपरी आयु सीमा में छूट।

### एप्लीकेशन फीस

कमीशन की तरफ से जारी इस वैकेंसी के लिए आवेदन प्रक्रिया फीस जमा करने के बाद ही पूरी होगी। इसमें जनरल कैटेगरी के लिए एप्लीकेशन फीस 1000 रुपये है। वहीं, रिजर्व कैटेगरी के लिए 250 रुपये और महिलाओं के लिए भी 250 रुपये फीस है। दिव्यांग वर्ग के उम्मीदवार फ्री में आवेदन कर सकते हैं। आवेदन फीस का भुगतान ऑनलाइन मोड में कर सकते हैं।

### पात्रता के लिए यह है मानदंड

असिस्टेंट प्रोफेसर की इस भर्ती में किसी भारतीय विश्वविद्यालय से संबंधित/प्रासंगिक/संबद्ध विषय में 55% अंकों के साथ मास्टर डिग्री (या जहां भी ग्रेडिंग प्रणाली का पालन किया जाता है, वहां पॉइंट-स्केल में समकक्ष ग्रेड) या किसी मान्यता प्राप्त विदेशी विश्वविद्यालय से समकक्ष डिग्री के साथ अच्छा शैक्षणिक रिकॉर्ड। साथ ही मैट्रिक स्तर तक अथवा उच्च शिक्षा में हिन्दी/संस्कृत का ज्ञान। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) या वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) द्वारा आयोजित राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) या आईजेजीसी द्वारा मान्यता प्राप्त समान परीक्षा, जैसे एसएलईटी/एसईटी या जिन्हें विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (एम.फिल/पीएचडी आदि मापदंड होने चाहिए।

## शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने अपने आवास पर की संतो के साथ मंत्रणा



**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाभियान के अंतर्गत 7 अगस्त को आयोजित होने वाले प्रदेश व्यापी वृक्षारोपण के लिए शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के राजकीय आवास पर पूज्य संतो की बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में संत-महंतो ने वृक्षारोपण मे पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। साथ ही कहा कि शिक्षा मंत्री मदन दिलावर सनातन धर्म के मजबूत पक्षधर है। हिंदू धर्म के लिए निरंतर संघर्ष करते हैं। इनका प्रत्येक कार्य जनकल्याण और धर्म रक्षा के लिए होता है। इसलिए संत समाज इस पुनीत कार्य में पूर्ण सहयोग देगा।

बैठक में पूज्य संत खोजी द्वाराचार्य महाराज त्रिवेणी धाम, अलबेली माधुरी शरण महाराज सरस निकुंज, हरिशंकर दास, वेदांती डेहर के बालाजी, राधारमण महाराज तथा राघव पंचमुखी हनुमान डॉ. प्रशान्त शर्मा सहित अनेक संत महंत उपस्थित थे।

**फैसला** | दिल्ली महापौर शैली ओबेरॉय ने नगर निगम आयुक्त को दिए निर्देश

# दिल्ली कोचिंग हादसे में मृत छात्रों की याद में बनेंगे पुस्तकालय

**बेधड़क** | नई दिल्ली

दिल्ली की महापौर शैली ओबेरॉय ने पिछले महीने एक हादसे में मारे गए सिविल सेवा अभ्यर्थियों के नाम पर राजधानी दिल्ली में चार पुस्तकालय स्थापित करने का प्रस्ताव रखा है। यह जानकारी एक अधिकारी ने दी है। हाल ही में, यूपीएसी की तैयारी करने वाले चार छात्रों की दिल्ली में मौत हुई थी।

बता दें कि दिल्ली के राजेंद्र नगर इलाके में 27 जुलाई को एक कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में पानी भरने से सिविल सेवा की तैयारी कर रहे तीन विद्यार्थी डूब गए थे, जबकि एक सप्ताह पहले मुखर्जी नगर में एक अन्य छात्र की करंट लगने से मौत हो गई थी। महापौर ओबेरॉय द्वारा दिल्ली नगर निगम आयुक्त को लिखे गए पत्र में उल्लेख किया गया है कि इनका निर्माण ''दिल्ली में चार स्थानों - राजेंद्र नगर, मुखर्जी नगर, पटेल नगर और बेर सराय में मृतक छात्रों के नाम पर एमसीडी द्वारा किया जा सकता है।'' ये क्षेत्र सिविल सेवा और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए कोचिंग हब हैं और बड़ी संख्या में छात्र इन इलाकों में छात्रावासों और पीजी आवासों में रहते हैं।





### छात्रों ने उठाया मुद्दा तो लिया फैसला

बृहस्पतिवार को एमसीडी कमिश्नर अश्विनी कुमार को लिखे पत्र में महापौर ने कहा कि राजेंद्र नगर में कुछ दिन पहले हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना के बाद, दिल्ली में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे बहुत से छात्रों ने सार्वजनिक और सरकारी पुस्तकालयों की कमी का मुद्दा उठाया है। शैली ने यह कहते हुए एमसीडी पुस्तकालयों की स्थापना का प्रस्ताव रखा कि छात्रों ने पुस्तकालयों की मांग उठाई है क्योंकि बहुत से छात्र निजी पुस्तकालयों द्वारा लिए जाने वाले भारी सदस्यता शुल्क का भुगतान नहीं कर सकते।

### महापौर के विवेकाधीन लेखा मद से होगा पुस्तकालय के बजट का प्रावधान

महापौर ने कहा, "इस कार्य के लिए बजट प्रावधान महापौर के विवेकाधीन लेखा मद से किया जा सकता है और आपसे अनुरोध है कि संबंधित विभाग को व्यवहार्यता की जांच करने और इस संबंध में क्षेत्रों में भूमि की पहचान करने और जल्द से जल्द आवश्यक कार्रवाई शुरू करने का निर्देश दें।" मामले की जानकारी देते हुए एक अधिकारी ने कहा कि जो नुकसान हुआ है, उसे कोई भी पूरा नहीं कर सकता लेकिन "हम छात्रों के लिए सार्वजनिक अध्ययन स्थलों को बेहतर बनाने की कोशिश कर रहे हैं।"

## सच बेधड़क
कीर्ति स्तम्भ

**दशरथ मालावत**

# लक्ष्य... साधना

जीवन में कोई लक्ष्य नहीं है तो जीवन नीरस दिशाहीन लगने लगता है। जीवन के प्रारंभ से व्यक्ति के बचपन की उत्सुकताएं किशोरावस्था की आकांक्षाएं गृहस्थी की अपेक्षाएं तथा वानप्रस्थ में जीवन मोक्ष की तरफ बढ़ने हेतु जीवन पर्यंत लक्ष्य सामने खड़ा होता है। लक्ष्य साधने के लिए निरंतर प्रयास 'एकाग्रता समर्पण एवं आत्म अनुशासन की आवश्यकता रहती है। लक्ष्य यदि श्रेष्ठ है पवित्र है तो उसको प्राप्त करने के लिए साधन भी श्रेष्ठ एवं अनुकूल होने चाहिए।

साध्य अच्छा हो तो साधन भी श्रेष्ठ होना आवश्यक है। लक्ष्य के प्रति एकाग्रता अर्जुन का मछली की आंख का भेदन करना ही लक्ष्य के प्रति एकाग्रता का सवोपरी उदाहरण है। लक्ष्य जितना बड़ा उतने ही प्रयत्न उसके लिए बृहद रूप में करने पड़ते हैं। लक्ष्य एक समय में एक से अधिक है तो प्राथमिकताओं के क्रम में रखकर ही उचित परिणाम हासिल किए जा सकते हैं। लक्ष्य के अनुरूप प्रयास नहीं किए जाएं तो लक्ष्य से भटक जाना स्वाभाविक हो जाता है। लक्ष्य पवित्र परंतु संसाधन दूषित है तो व्यक्ति को आत्म संतुष्टि कभी नहीं मिलेगी वह अपनी सफलता पर कभी भी गर्व नहीं कर सकता भीतरी आत्मा उसे हमेशा दुत्कारती रहेगी। गलत तरीके से सर्वोच्च प्रशासनिक पद प्राप्त कर लेना या छल कपट से धन हासिल कर लेने वाले व्यक्ति को आत्म संतुष्टि कभी नहीं मिल सकती। कहीं ना कहीं उसके भीतर बैठा हुआ मानव उसे यह याद दिलाता होगा कि यह छद्म सफलता कभी मन को सुकून नहीं दे सकती। लक्ष्य प्राप्ति के लिए शाम-दाम-दंड और भेद की रीति की कहावत जरूर रही है, परंतु जहां तक हो लक्ष्य प्राप्ति अपने सकारात्मक प्रयासों से की जाए, वहीं सच्चे मायने में सफलता कहलाएगी। लक्ष्य यदि गलत तरीकों से हासिल किया गया तो चाहे ओलंपिक का खिलाड़ी हो या किसी भी क्षेत्र में कार्य करने वाले व्यक्ति की दूषित संसाधन से मिली सफलता उसे आलोचना का केंद्र बना देती है तथा उसे अंततः अपमानित होना पड़ता है।

सभी जानते हैं, लक्ष्य प्राप्ति के रास्ते में भिन्न-भिन्न समय पर विविध मोड व बाधाएं आतीं है उन बाधाओ को चुनौती समझ-समझकर साहसिक रूप से सामना करते हुए आगे बढ़ जाना ही लक्ष्य की वास्तविक प्राप्ति कहलाती है। लक्ष्य सतत प्रयास आत्म अनुशासन से हासिल किया जा सकता है। जैसे अपने ईष्ट को भूला नहीं जाता उसी तरह लक्ष्य को भूला नहीं जाता। यह प्रतिपल याद रखने का विषय है। हौसले व हिम्मत से प्रत्येक बाधा को पार कर करना और विपरीत परिस्थितियों का सामना करना और लक्ष्य हासिल करने के लिए जरूरी होता है। एक धावक अपनी रणनीति पहले तय करता है, कब वह तेज कब कम ताकत लगाएगा बहुत अधिक मंजिल के करीब पहुंचने के बाद अपना सर्वांगीण और सर्वोच्च प्रयास करेगा, वह कठिन और कठोर प्रयास ही उसके सफलता का मार्ग तय करता है। विजेता की सब पीठ थपथपाते हैं परंतु लक्ष्य हासिल जो नहीं कर पाया उसको इस दुनिया के अंदर अपमान ही सहन करना पड़ता है उस व्यक्ति की अंतरात्मा भी उसको धिक्कारती है। यहां यह कहना उचित होगा कि...

तय कीजिए अपने रास्तों को,
स्वयं अपने कदमों से
हौसले वाले जीते हैं जंग,
कर मर जाते हैं सदमों से ॥

X



**भजनलाल शर्मा,** मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanLalBJP
"आपणो अग्रणी राजस्थान, आपणो अग्रणी सांगानेर"। आज मुख्यमंत्री आवास पर सांगानेर विधानसभा क्षेत्र के समग्र विकास को समर्पित डबल इंजन सरकार के विभिन्न विकास कार्यों के क्रियान्वयन एवं प्रगति को लेकर अधिकारियों की बैठक ली व संबंधित कार्यों को लेकर उन्हें उचित दिशा-निर्देश दिए।



**योगी आदित्यनाथ,** मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश
@myogiadityanath
भारतीय हॉकी टीम ने इतिहास रच दिया... 52 वर्षों की प्रतीक्षा के बाद ओलंपिक में भारतीय हॉकी टीम ने पहली बार ऑस्ट्रेलिया पर विजय प्राप्त की है। सभी खिलाड़ियों और देश वासियों को हार्दिक बधाई! ये ऐतिहासिक विजय हर भारतीय की है। विजय का यह क्रम ऐसे ही चलता रहे...जय हिंद!

### चार राज्यों में विधानसभा चुनावों के लिए बजने वाली है रणभेरी

# मुद्दे तैयार-जाति-आरक्षण हथियार



**गजानन्द शर्मा**
वरिष्ठ पत्रकार



*चार चुनावी राज्यों महाराष्ट्र, झारखंड, हरियाणा और जम्मू कश्मीर में से महाराष्ट्र की राजनीति से पहले ही आरक्षण के मुद्दे का अखाड़ा बनी हुई है। राज्य का मराठा समुदाय अन्य पिछड़ा वर्ग के तहत आरक्षण मांग रहा है, वहीं अन्य पिछड़ा वर्ग में शामिल अन्य जातियां इसके खिलाफ है।*

चार राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं और इसके लिए सियासी शतरंज भी सजने लगी है। हाल के घटनाक्रम से यह तस्वीर अब साफ होने लगी है कि इन राज्यों के कौन-कौन से मुद्दे चुनावों के केंद्र में रहने वाले हैं। गत दिनों लोकसभा में जाति को लेकर जिस तरह घमासान मचा, उससे साफ है कि यह बात यहीं खत्म नहीं होने वाली है। यह एक बड़े कारक के रूप में इन चुनावी राज्यों में आने वाली है। भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने लोकसभा में बजट पर चर्चा के दौरान जब जाति को लेकर टिप्पणी की तो विपक्ष ने इसे नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर परोक्ष हमला माना। उनके बचाव में समाजवादी पार्टी के मुखिया व सांसद अखिलेश यादव आए और उन्होंने पलटवार किया और भाजपा व अनुराग ठाकुर को घेरा। राहुल गांधी ने यह कहकर एक तरह से विभिन्न राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए एजेंडा तय करने का ही कम किया कि जब भी सत्ता में आएंगे जातिगत जनगणना कराई जाएगी। रही आरक्षण की बात तो सुप्रीम कोर्ट के अनुसूचित जाति के लिए कोटे के वर्गीकरण के बारे में अहम फैसला देकर सामाजिक न्याय को धरातल तक पहुंचाने का एक रास्ता खोल दिया है।

चुनाव में राजनेता शीर्ष अदालत के इस फैसले को अपने-अपने हिसाब से सियासी हथियार बनाने से चूकने वाली नहीं है। चुनाव में मुद्दे और भी होंगे, लेकिन फिलहाल लगता है आरक्षण और जाति को हर पार्टी रणनीतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल करने से चूकेगी नहीं। हथियार तो ये लोकसभा चुनाव में भी बने थे। कांग्रेस ने यह कहते हुए भाजपा को निशाने पर लिया कि भगवा पार्टी की सरकार आई तो वह संविधान बदल देगी और आरक्षण को खत्म कर देगी। हालांकि यही हमला भाजपा ने कांग्रेस पर किया और ओबीसी आरक्षण को लेकर कांग्रेस की प्रतिबद्धता पर सवाल खड़े किए। अब विधानसभा चुनावों में इन मुद्दों को रणनीतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल करने से न कांग्रेस ने कोई परहेज वाली है और ना ही भाजपा। अब तो लगता है इन चुनावों में सुशासन से ज्यादा जाति और आरक्षण की ही बात दूर तक जाएगी। चार चुनावी राज्यों महाराष्ट्र, झारखंड, हरियाणा और जम्मू कश्मीर में से महाराष्ट्र की राजनीति से पहले ही आरक्षण के मुद्दे का अखाड़ा बनी हुई है। राज्य का मराठा समुदाय अन्य पिछड़ा वर्ग के तहत आरक्षण मांग रहा है, वहीं अन्य पिछड़ा वर्ग में शामिल अन्य जातियां इसके खिलाफ है। करीब साल डेढ़ साल से यह मुद्दा महाराष्ट्र में चर्चाओं का केंद्र बना हुआ है और अब लगता है कि यह सियासत के केंद्र में भी आ गया है। मराठा आरक्षण को लेकर पिछड़े के हितों की पैरवी में उतरे राज्य सरकार में मंत्री छगन भुजबल ने गत दिनों राकांपा के संस्थापक व दिग्गज नेता शरद पवार से मुलाकात की और इस मुद्दे को हल के लिए मदद का आग्रह किया ताकि सामाजिक सौहार्द पर कोई आंच ना आए। इसके बाद शरद पवार ने एक कार्यक्रम में यह टिप्पणी कर सभी को चौंका दिया कि महाराष्ट्र में भी मणिपुर जैसे हालत होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने यह बात मराठा आरक्षण को लेकर सामाजिक स्तर पर बढ़ती दूरियों के संदर्भ में ही कही है। स्वराज और हिंदुत्व की अलख जगाने वाले राज्य को आरक्षण की राजनीति अब ऐसे मुकाम पर ले आई है कि वहां सामाजिक सौहार्द को खतरा महसूस किया जा रहा है। ऐसे में विधानसभा चुनाव में मराठा आरक्षण और ओबीसी हितों की रक्षा पर का मुद्दा छाया रहने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। वैसे भी महाराष्ट्र की सियासत बहुत पेचीदा हो गई है। लोकसभा चुनाव में महा विकास अघाड़ी को मिली सफलता के बाद विपक्षी खेमा उत्साहित है और राजनीतिक ताकतों के पुनःधुव्रीकरण की बातें भी खूब हो रही हैं। अजित पवार के कई सहयोगियों के शरद पवार के खेमे में लौटने की भी बातें हो रही हैं, वहीं सीएम फेस पर पक्ष- विपक्ष यानी दोनों खेमों में आमराय नहीं है।

> लोकसभा चुनाव में भाजपा को हरियाणा में भी जोरदार झटका लगा था, पर यहां कांग्रेस पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा और कुमारी शैलजा की आपसी खींचतान में उलझी है तो भाजपा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को लेकर नए सामाजिक समीकरण गढ़ना चाह रही है। अब देखना यह है कि क्या वह अन्य पिछड़ा वर्ग को एक वोट बैंक के रूप में तब्दील करने में कामयाब होती है या नहीं।

सत्तारूढ़ महायुति का अहम घटक भाजपा चाहती है कि गठबंधन बिना सीएम फेस चुनाव मैदान में उतरे और बहुमत हासिल करने पर जो पार्टी सबसे ज्यादा सीटें लेकर आए उसका सीएम हो, लेकिन मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की पार्टी के नेताओं का मानना है कि सत्ता में वापसी पर मुख्यमंत्री पद पर हक उसका है। पक्ष-विपक्ष दोनों गठबंधनों में तीन-तीन पार्टियां हैं-एमवीए में शरद पवार नीत राकांपा, उद्धव ठाकरे नीत शिवसेना और कांग्रेस। वहीं सत्तारूढ महायुति खेमे में भाजपा, एकनाथ शिंदे नीत शिवसेना व अजित पवार नीत राकांपा शामिल हैं। उद्धव ठाकरे महाराष्ट्र में भाजपा के सबसे बडे चेहरे देवेंद्र फडणवीस को लेकर बहुत आक्रामक हैं। गत दिनों उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं की एक बैठक में जो कहा कि उसका सार यही है कि उनकी फडणवीस के खिलाफ आर-पार की लड़ाई है। सियासत के उलझे तारों के बीच तीन-तीन कोण वाले इन गठबंधनों में कौन सी पार्टी समकोण बनकर उभरती है, यह बहुत दिलचस्प होगा। एमवीए लोकसभा चुनाव वाली लय बरकरार रखना चाहेगा, पर वहीं भाजपा की सारी व्यूहरचना इस लय को तोड़ने की होगी। गृह मंत्री अमित शाह ने पिछले दिनों महाराष्ट्र के दौरे के दौरान भ्रष्टाचार को लेकर शरद पवार पर जिस तरह से हमला किया कि उससे साफ है कि भाजपा की रणनीति शरद पवार को रोकने की होगी। वहीं, शरद पवार ने गृह मंत्री शाह को निशाना बनाया। यहां लड़ाई दो चाणक्यों शरद पवार और अमित शाह की रणनीति की ही होगी। कुछ इस तरह की सियासी शतरंज झारखंड और हरियाणा में भी बिछ रही है। लोकसभा चुनाव में भाजपा को हरियाणा में भी जोरदार झटका लगा था, पर यहां कांग्रेस पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा और कुमारी शैलजा की आपसी खींचतान में उलझी है तो भाजपा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को लेकर नए सामाजिक समीकरण गढ़ना चाह रही है। अब देखना यह है कि क्या वह अन्य पिछड़ा वर्ग को एक वोट बैंक के रूप में तब्दील करने में कामयाब होती है या नहीं। पार्टी ने लोकसभा चुनाव से पहले तत्कालीन मुख्यमंत्री मोहनलाल खट्टर को बदलकर संभावित सत्ता विरोधी रूझान को कम करने की कोशिश की थी।

अब पार्टी वहां ब्राह्मण प्रदेश अध्यक्ष और जाट चुनाव प्रभारी लाकर नए सिरे से समाजिक समीकरण साधने की कोशिश कर रही है, वहीं झारखंड में पार्टी ने घुसपैठियों के सामाजिक ताने-बाने में बढ़ते दखल को लेकर अपनी रणनीति बना रही है। वहीं कांग्रेस व झामुमो के पास सियासी हथियार जाति व आरक्षण रहने की उम्मीद है। जम्मू कश्मीर में तीस सितंबर से पहले चुनाव कराने का सुप्रीम कोर्ट का निर्देश है। हाल ही में जम्मू क्षेत्र में आतंकी हिंसा में आई तेजी के बाद केंद्र सरकार ने सुरक्षा प्रबंध और कड़े कर सीमा पार साफ संकेत दे दिए हैं कि पाकिस्तान की दाल अब यहां गलने वाली नहीं है, लेकिन चुनाव में आतंकी हिंसा यहां अहम मुद्दा होगी। साफ है राजनीतिक दल अपनी चुनावी व्यूहरचना में जुटे हैं और उन्हें चुनावी रणभेरी बजने की प्रतीक्षा है, वहीं चुनाव आयोग जल्द ही चुनावी राज्यों का दौरा करने वाला है। वह प्रशासनिक तैयारियों संबंधी दिशा-निर्देश संबंधित राज्यों को जारी कर चुका है। चुनाव आयोग की सक्रियता से लगता है कि इस माह के अंत तक चुनाव आयोग चुनाव तिथियों की घोषणा कर सकता है।

***(ये लेखक के निजी विचार हैं)***

**व्यंग्य**

# करे कोई... और भरे कोई!



**डॉ. प्रदीप उपाध्याय**
व्यंग्यकार

कितना खराब समय आ गया है। बेगुनाहों पर दोषारोपण और गुनहगार घुमे फुल मस्ती।आज यहां बरस रहा कल वहां बरसकर तबाही मचा रहा।इसी को तो कहते हैं कि करे कोई भरे कोई।अब उन्होंने तो नहीं कहा था कि पढ़ने जाओ।अरे भाई, मां बाप की दौलत कोचिंग में क्यों उड़ाना और फिर तगड़ी बरसात हो जाए तो बेगुनाहों पर तोहमत लगाना शुरू !यह अच्छी बात नहीं है।

बेचारे वे लोग तो निर्दोष हैं ही जिन्होंने बिल्डिंग परमिशन दी। कसूरवार तो वह ऊपर वाला है जो बिना सोचे-समझे, बिना लाभ-हानि का हिसाब लगाए पानी बरसाना शुरू कर देता है। दोषी तो वही है, मुकदमा भी उसी पर चलना चाहिए।वे लोग तो निर्दोष हैं जिन्हें फील्ड में जाकर मौका मुआयना करना था।वे लोग भी बेगुनाह हैं जिनको समय-समय पर अपने उच्चाधिकारियों को रिपोर्टिंग करना थी। आखिरकार बेचारों के पास कितना काम रहता है। वे देख ही नहीं पाते हैं कि बिल्डिंग परमिशन के अनुरूप बन रही है या फिर बिल्डर ने मनमानी करते हुए बिल्डिंगें तान दी और बेसमेंट पार्किंग की जगह व्यावसायिक उपयोग के लिए दे दिए।अब इसे गड़बड़ी कैसे मानें। उन्होंने तो बेरोजगारों के लिए रोजगार के अवसर खोल दिए।भलाई का तो जमाना ही नहीं रहा। वे पक्के तौर पर बेचारे ही हैं।उनके पास समय ही नहीं रहता कि वे देख पाएं कि बिल्डिंग उसी प्रयोजन के लिए उपयोग में आ रही है जिसके लिए अनुमति ली गई थी।वे अच्छे उद्देश्य के लिए अपनी आंखें भी मूंद लेते हैं।वे बेचारे वैसे भी काम के मारे हैं।वे वही काम करते हैं जिसमें दाम मिलते हैं। उनकी आंखों पर जो पट्टी चढ़ जाती है, उसमें हरा-हरा ही दिखाई देता है। उनके दिमाग में भरा साफ्टवेयर अवैधानिक को एक्सेप्ट ही नहीं कर पाता। हमेशा एरर सामने आ जाती है।

वे बेचारे भी निर्दोष हैं जो नगर नियोजन करते हैं। अब उन्हें क्या मालूम कि नदी-नाले, गटरें कहां हैं और किधर को बहेंगे, कहां जलजमाव हो सकता है। इन सबके साथ परेशानी भी तो जुड़ी हुई है।वे भी निर्दोष हैं जो विकास करने में तल्लीन है। विकास होना चाहिए भले ही बेतरतीब हो,चाहे पेड़ पौधे कटें,चाहे जंगल का सफाया करना पड़े।

बेचारे करें भी तो क्या करें, उनके सिर सात पुश्तों को तराने की जिम्मेदारी भी तो है। वे ही तो यह दायित्व निभा सकते हैं। ये ही लोग तो अपने कुटुम्ब के कुलदीपक हैं। भाई-भतीजों का सारा दारोमदार इन्हीं पर आकर ठहर जाता है अब आप ही बताएं भला वे बेचारे क्या कर सकते हैं!

दूसरा कोई थोड़े ही न आने वाला।बेसमेंट में पानी भर गया तो दोषियों पर कार्रवाई होना ही चाहिए। अच्छा किया कि उस जीप चालक को पकड़ लिया गया जिसकी जीप उस रास्ते से गुजर रही थी और सड़क का पानी बेसमेंट में घुस गया।जब पानी सड़क पर से गुजर रहा हो तो किसी को भी गुजरने की अनुमति कैसे हो सकती है!वैसे अपने परिवार का पेट पालने वाले बेसमेंट में कोचिंग संचालित करने वाल बेचारे उस संचालक का भी दोष नहीं है। वह सड़क ही दोषी है जो पानी को सीधे रास्ते न ले जाकर बेसमेंट का रास्ता दिखा रही थी।दोष है तो उन मेघों का जो जबरन छा गए उन्हें गिरफ्तार करना चाहिए। बिना स्थानीय प्रशासन को विश्वास में लिए जो उस दिन उस क्षेत्र में उमड़-घुमड़ आए थे।उस बारिश के पानी को भी नहीं छोड़ा जाना चाहिए था जो बिना बताए यहां-वहां घुस आया था।उस बरसात के देवता को भी आरोपी बनाया जाना चाहिए जो बिना किसी पूर्व सूचना के यहां वहां मेघों को बरसने भेज देता है।

आखिर क्या हक है उसे जो धरती के सरकारी कारिंदों को बिना विश्वास में लिए बारिश का कोटा निर्धारित कर देता है।

# डिजिटल डिटाक्स आज के समय की महती आवश्यकता!



**सुनील कुमार महला**
व्यंग्यकार

स्कूली बच्चों में विडियो गेम्स की लत स्वयं बच्चों के लिए व उनके परिवार के लिए बहुत ही घातक सिद्ध हो रही है। सच तो यह है कि आज के समय में जब हम संचार क्रांति के युग में सांस ले रहे हैं ,तब घंटों ऑनलाइन गेमिंग की लत बच्चों को मानसिक रूप से बीमार बना रही है। दरअसल, कोरोना महामारी के बाद से बच्चों को मोबाइल यूज करने की ज्यादा लत लग गयी है। कहना गलत नहीं होगा कि कोरोना महामारी(कोविड-19) के दौरान हुए लॉकडाउन की वजह से बच्चों की कोचिंग व स्कूल की ऑनलाइन क्लासेज लगने लगी और बच्चों को एंड्रॉयड मोबाइल फोन या टैबलेट या कंप्यूटर देना माता पिता और अभिभावकों के लिए मजबूरी बन गया था। बच्चों को मोबाइल मिलने की वजह से वे ऑनलाइन गेमिंग के आदि हो गए और मानसिक तौर पर बीमार होने लगे हैं। एक्सपर्ट्स का मानना है कि ज्यादा समय तक ऑनलाइन गेम खेलने वाले बच्चों के व्यवहार में उग्रता आ जाती है, जिसके बाद उनमें तनाव बढ़ने लगता है। कुछ मामलों में उनको दौरे तक भी पड़ने लगते हैं। आज मोबाइल गेम्स के चक्कर में बच्चे अभिभावकों का कहना तक नहीं मानते हैं, क्यों कि आनलाइन गेम्स उन्हें आनंद व खुशी की अनुभूति प्रदान करते हैं। मोबाइल छीनने पर वे उग्र, कभी कभी तो हिंसक भी हो जाते हैं। आनलाइन गेम्स खेलने से बच्चे जहां एक ओर पढ़ाई से दूर होने लगे हैं वहीं पर दूसरी ओर इससे उनकी आंखों, दिमाग पर भी प्रभाव पड़ता है।

वास्तव में ऑनलाइन गेम्स खेलने के कारण बच्चों की आंखों की रौशनी कम होना, मोटापा, लीपगि डसिऑर्डर, डिप्रेशन, अग्रेसिवनेस, एकाग्रता में कमी जैसी समस्याएं पैदा होती हैं। बहरहाल, यदि हम यहां आंकड़ों की बात करें तो एक सर्वे के मुताबिक, भारत के 40 प्रतिशत अभिभावकों ने माना था कि उनके बच्चे सोशल मीडिया इस्तेमाल करने, वीडियोज देखने और ऑनलाइन गेम खेलने के आदि हैं। इन बच्चों की उम्र 9 साल से 17 साल के बीच है। इस सर्वे में शामिल 49 प्रतिशत अभिभावक मानते हैं कि उनके 9 साल से 13 साल के आयुवर्ग के बच्चे रोजाना 3 घंटे से ज्यादा समय इंटरनेट पर बिताते हैं। वहीं, 47 प्रतिशत अभिभावकों का मानना था कि उनके बच्चे को ऑनलाइन गेमिंग, सोशल मीडिया और शॉर्ट वीडियोज देखने की बुरी लत लग गई है। सर्वे में भाग लेने वाले 62 प्रतिशत अभिभावकों का मानना है कि उनके 13 साल से 17 साल के बच्चे प्रतिदिन 3 घंटे से ज्यादा समय स्मार्टफोन पर बिताते हैं। हाल ही में महाराष्ट्र के पुणे जिले से एक बहुत ही चौंकाने व दिल दहलाने वाली खबर सामने आई है। यहां एक पन्द्रह वर्षीय बालक ने एक बहुमंजिला इमारत की चौदहवीं मंजिल से कूदकर अपनी जान दे दी। प्रारंभिक जांच में यह पता चला है कि नाबालिग ने कथित तौर पर ब्लूव्हेल चैलेंज गेम की लत के चलते यह खतरनाक कदम उठाया है। मीडिया के हवाले से खबर आई है कि जिस बच्चे ने चौदहवीं मंजिल से कूदकर अपनी जान दे दी वह ऑनलाइन गेम खेलने का आदी था। यह भी बताया जा रहा है कि मृतक लड़का पढ़ाई में बेहद अच्छा था और हाल ही में उसने अच्छे अंकों के साथ 9 वीं कक्षा पास की थी। पिछले कुछ महीनों से उसे ऑनलाइन मोबाइल गेम खेलने की लत लग गई थी। आज इंटरनेट व आनलाइन का जमाना है। बच्चे आनलाइन गेम्स के चक्कर में फंसकर अपनी जान से हाथ धो रहे हैं। बच्चों का मन बहुत ही कोमल होता है और वे इन आनलाइन गेम्स के चक्कर में फंसकर ऐसे खतरनाक कदम उठा रहे हैं, जिसके बारे में सोचकर भी किसी का दिल कांप उठता है। दरअसल,आज विभिन्न प्लेटफार्म पर ऐसे आनलाइन गेम्स उपलब्ध हैं और बच्चे इनका आसानी से शिकार बन जाते हैं। वे खेल के मैदानों में न जाकर इंटरनेट के माध्यम से वर्चुअल गेम्स में रचे-बसे रहते हैं।

> मीडिया के हवाले से खबर आई है कि जिस बच्चे ने चौदहवीं मंजिल से कूदकर अपनी जान दे दी वह ऑनलाइन गेम खेलने का आदी था। यह भी बताया जा रहा है कि मृतक लड़का पढ़ाई में बेहद अच्छा था और हाल ही में उसने अच्छे अंकों के साथ 9 वीं कक्षा पास की थी। पिछले कुछ महीनों से उसे ऑनलाइन मोबाइल गेम खेलने की लत लग गई थी। जिंदगी की आपाधापी में हम बच्चों को खेल के मैदानों से नहीं जोड़ पा रहे हैं और न ही आज पहले के जमाने की भांति दादी-नानी की कहानियां ही बची हैं।

सोशल नेटवर्किंग साइट्स, इंटरनेट, एंड्रायड फोन ने जहां हमें बहुत सी सुविधाएं प्रदान कीं हैं, वहीं दूसरी ओर इनके बहुत से खतरे भी हैं। आज न तो अभिभावकों के पास अपने बच्चों के लिए समय बचा है और न ही बच्चों के पास अभिभावकों के लिए समय है। जिंदगी की आपाधापी में हम बच्चों को खेल के मैदानों से नहीं जोड़ पा रहे हैं और न ही आज पहले के जमाने की भांति दादी-नानी की कहानियां ही बची हैं। परिवार भी आज संयुक्त नहीं रहे हैं अथवा कम ही परिवार हैं जो संयुक्त बचे हैं और इसका खामियाजा कहीं न कहीं हम सभी को भुगतना पड़ रहा है। एकल परिवार में हम आपसी संवाद कम ही करते हैं और स्वयं में ही व्यस्त रहते हैं। किसी को भी आज देखिए, सब सोशल नेटवर्किंग साइट्स व्हाट्स एप, फेसबुक, इंस्टाग्राम यू-ट्यूब, ट्विटर, गेम्स, इंटरनेट पर भी व्यस्त नजर आते हैं। इस वर्चुअल दुनिया में हम रम-बस से गये हैं और हमें हमारे आसपास के वातावरण तक का भी ध्यान नहीं रहता है कि कहां, क्या और कैसे हो रहा है? बच्चे अपने में मस्त रहते हैं और हम अभिभावक अपने में। आज हमें यह चाहिए कि हम अपने बच्चों का ध्यान रखें कि वे कब, कहां क्या कर रहे हैं और क्या नहीं। सच तो यह है कि पुणे में हुई घटना की और कहीं पर भी पुनरावृत्ति न होने पाएं इसके लिए हमें यह चाहिए कि हम अपने बच्चों को ऑनलाइन गेमिंग की लत से बचाने के लिए उनके रोज के खेल का समय सीमित करें, हमें यह चाहिए कि हम गेमिंग डिवाइस को सोने से पहले बेडरूम से हटा दें, और बेकार ऐप्स को डिलीट कर दें और बच्चों से स्ट्रेस-फ्री एक्टिविटीज करवाएं।

बच्चों को खेल के मैदानों से जोड़ें, उनके साथ समय समय पर संवाद करें, उनकी समस्याओं को जानें, समझें, उन्हें समझाएं,उनकी समस्याओं का मिल बैठकर समाधान करें। अंत में यही कहूंगा कि बच्चे इस देश का भविष्य हैं, इसलिए अभिभावकों को यह चाहिए कि वे अपने बच्चों को पर्याप्त समय दें, उनमें संस्कृति संस्कार विकसित करें, अच्छी शिक्षा दें। हमारी थोड़ी सी जागरुकता देश का भविष्य बचा सकती है।

***(ये लेखक के निजी विचार हैं)***

## गृह मंत्री शाह से मिलने छुपकर दिल्ली जाने की बात पर महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार की विपक्ष को चुनौती...कहा-

# खबरें सच साबित हुई तो राजनीति छोड़ दूंगा... बदनाम करने का प्रयास

एजेंसी | नासिक

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) प्रमुख अजित पवार ने शुक्रवार को कहा कि अगर भाजपा से गठबंधन करने से पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मिलने के लिए उनके दिल्ली आने की खबरें सच साबित हो जाती हैं तो वह राजनीति छोड़ देंगे।

उन्होंने विपक्षी दलों के नेताओं को चुनौती दी कि अगर ये खबरें गलत पाई जाती हैं तो जिन लोगों ने उन पर ये आरोप लगाए हैं, उन्हें सियासत छोड़ देनी चाहिए। पवार ने आरोप लगाया कि उन्हें बदनाम करने का प्रयास किया जा रहा है। दरअसल, मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया है कि हाल ही में हुई एक अनौपचारिक बातचीत के दौरान अजित पवार ने खुद कहा कि उन्होंने दोनों दलों के बीच गठबंधन को लेकर नई दिल्ली में अमित शाह के साथ बैठकें कीं। पवार ने कथित तौर कहा, मैं उन बैठकों में भाग लेने के लिए दिल्ली जाते समय हवाई यात्रा के दौरान मास्क और टोपी पहनता था। मैंने हवाई यात्रा के दौरान अपना नाम भी बदल दिया था।



उनके कथित बयानों के आधार पर शिवसेना (यूबीटी) और राकांपा (एसपी) ने उन पर निशाना साधा था। हालांकि, अजित पवार ने नासिक में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि वह छिपकर राजनीति नहीं करते हैं। उन्होंने कहा, मैं लोकतंत्र में काम करने वाला एक कार्यकर्ता हूं। मुझे कुछ भी छिपाकर राजनीति करने की आदत नहीं है। हालांकि, हमें विरोधियों द्वारा फर्जी और झूठी खबरों से बदनाम किया जा रहा है।

### तथ्यों का सत्यापन होना चाहिए

पवार ने कहा, मेरे भेष बदलकर दिल्ली जाने की खबर झूठी है। अगर मैं कहीं भी जाऊंगा तो खुले तौर पर जाऊंगा। मुझे किसी से डरने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि संसद में तथ्यों का सत्यापन होना चाहिए। उन्होंने कहा, जब यह घटना हुई, तब मैं महाराष्ट्र विधानसभा में विपक्षा नेता था। हर कोई मुझे पहचानता है। इसलिए ऐसी घटना असंभव है। वर्तमान में जो कुछ भी चल रहा है वह गलत है। इन खबरों का कोई आधार या सबूत नहीं है। राज्य में मुझे बदनाम करने की कोशिश की जा रही है।

### उद्धव पहले अपनी पार्टी बचाएं , फिर चुनौती दें: सीएम शिंदे

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शिवसेना (यूबीटी) चीफ उद्धव ठाकरे पर तंज कसते हुए कहा है कि कभी घर से बाहर नहीं निकलने वाले अब किसी को खत्म करने की बात कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उद्धव ठाकरे को पहले पार्टी बचानी चाहिए, बाकी शिवसेना को बचाना चाहिए। ठाकरे के लिए दिल्ली अभी भी बहुत दूर है। उन्होंने जिस तरह देवेंद्र फडणवीस को लेकर बयान दिया है, उससे लगता है कि उद्धव ठाकरे भ्रमित हैं। दरअसल, एक दिन पहले ही उद्धव ने राज्य के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को चुनौती दी थी कि राजनीति में दोनों में से कोई एक ही बचेगा। साथ ही उद्धव ने फडणवीस पर उन्हें और उनके बेटे आदित्य ठाकरे को जेल भेजने की साजिश के आरोप लगाए। इससे पहले महाराष्ट्र भाजपा के प्रमुख चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा था, कई बार जन्म लेने के बाद भी उद्धव राजनीतिक रूप से फडणवीस को खत्म नहीं कर पाएंगे। सीएम शिंदे ने कहा कि आज राज्य सरकार कल्याणकारी योजनाएं ला रही है और विकास कार्य कर रही है। इस कारण विपक्ष के पैरों तले जमीन खिसक गई है। उन्होंने कहा कि शिवसेना हमेशा देवेंद्र फडणवीस के साथ खड़ी है। शिंदे ने यह भी कहा कि राजनीति में किसी को भी दूसरों को पूरी तरह से खत्म करने की बात नहीं करनी चाहिए। उन्होंने ने कहा, जो लोग चुनौती देने की बात करते हैं, उन्हें समझना चाहिए कि हम कहां खड़े हैं। बेतरतीब टिप्पणी करने की तरह, कोई भी दूसरे को खत्म नहीं कर सकता।



### चुनावी बॉन्ड: SIT जांच संबंधी याचिकाएं खारिज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने चुनावी बॉन्ड के माध्यम से भारी चंदा के बदले कॉरपोरेट को कथित तौर पर ठेका देने के मामलों की जांच शीर्ष अदालत के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की देखरेख और अदालत की निगरानी वाले विशेष जांच दल (एसआईटी) से कराने की मांग वाली चार जनहित याचिकाएं शुक्रवार को खारिज कर दी। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायाधीश जे बी पारदीवाला और न्यायाधीश मनोज मिश्रा की पीठ ने गैर सरकारी संगठनों - कॉमन कॉज और सीपीआईएल के अलावा जय प्रकाश शर्मा, सुदीप तमनकर और डॉ. खेम सिंह भाटी द्वारा दायर याचिकाओं पर विचार करने से इनकार कर दिया। पीठ कहा कि वह धारणा के आधार पर चुनावी बांड की खरीद की जांच के लिए आदेश नहीं दे सकती, क्योंकि जांच दल का गठन करना एक दूरगामी प्रभाव होगा। याचिकाकर्ताओं ने दावा किया था कि चुनावी बांड के माध्यम से गुमनाम चंदे की योजना का भारतीय लोकतंत्र और राजनीति पर बड़ा प्रभाव है।

### अग्निवीरों के आश्रितों को देंगे नौकरी: हेमंत सोरेन

**रांची।** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के आखिरी दिन शुक्रवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अग्निवीरों के लिए बड़ी घोषणा की है। सोरेन ने भाजपा सदस्यों के जोरदार हंगामे के बीच अपने समापन भाषण में कहा कि अग्निवीरों के शहीद होने पर झारखंड सरकार उनके आश्रितों को सरकारी नौकरी और अनुग्रह राशि प्रदान करेगी। इसके पहले मुख्यमंत्री ने अनुपूरक बजट पारित होने पर स्पीकर को बधाई दी। भाजपा विधायकों में वेल में आने पर सीएम बोले देखिये, ये कैसे माहौल बनाते हैं। इन्होंने पांच सालों में क्या अर्जित किया, कितनी जमीन लूटी, इन्होंने डाका डालने का काम किया। 24 जिलों में इन्होंने कार्यालय बनाया। सोरेन ने कहा कि हमने गैर सरकारी संस्थानों में एक लाख से अधिक नौकरी दी। इन्हीं हाथों से नियुक्ति पत्र दिया। देश विदेश में वो बच्चे नौकरी दे रहे हैं।

## राज्यपालों का दो दिवसीय सम्मेलन: राष्ट्रपति ने किया उद्घाटन

# केंद्र व राज्यों के बीच सेतु की भूमिका निभाएं राज्यपाल: PM

एजेंसी | नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को कहा कि लोकतंत्र के सुचारू संचालन के लिए यह जरूरी है कि विभिन्न केंद्रीय एजेंसियां सभी राज्यों में बेहतर समन्वय के साथ काम करें। उन्होंने राज्यपालों को सलाह दी कि वे इस बारे में सोचें कि वे संबंधित राज्यों के संवैधानिक प्रमुख के रूप में इस समन्वय को कैसे बढ़ावा दे सकते हैं। राष्ट्रपति मुर्मू राज्यपालों के दो दिवसीय सम्मेलन का उद्घाटन कर रही थीं। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राज्यपालों से आग्रह किया कि वे केन्द्र और राज्य के बीच प्रभावी सेतु की भूमिका निभाएं तथा लोगों और सामाजिक संगठनों के साथ इस तरह से संवाद करें, जिससे वंचित लोगों को भी इसमें शामिल किया जा सके।

सम्मेलन राष्ट्रपति मुर्मू की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की अध्यक्षता में आयोजित किया गया है। सम्मेलन में ऐसे कई विषयों पर चर्चा की जा रही है, जो न केवल केंद्र-राज्य संबंधों को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, बल्कि जन-साधारण के लिए कल्याणकारी योजनाओं को बढ़ावा देने के लिए भी महत्वपूर्ण हैं।




### धनखड़ व शाह ने भी किया संबोधित

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी उद्घाटन सत्र को संबोधित किया। धनखड़ ने राज्यपालों की शपथ का उल्लेख किया और उनसे पिछले दशक के दौरान हुए सामाजिक कल्याण योजनाओं तथा अभूतपूर्व विकास के बारे में लोगों को जागरूक करने की अपनी संवैधानिक जिम्मेदारी का निर्वहन करने का आग्रह किया। गृह मंत्री शाह ने दो दिवसीय सम्मेलन में होने वाली चर्चाओं की रूपरेखा बताई तथा राज्यपालों से लोगों में विश्वास पैदा करने और विकास कार्यों को गति देने के लिए जीवंत गांवों और आकांक्षी जिलों का दौरा करने का आग्रह किया।

### न्याय व्यवस्था का नया युग शुरू

इससे पहले राष्ट्रपति मुर्मू ने उद्घाटन भाषण में कहा कि इस सम्मेलन में होने वाले विचार-विमर्श सभी प्रतिभागियों के लिए एक समृद्ध अनुभव होंगे और उनके कामकाज में सहायक होंगे। उन्होंने कहा कि आपराधिक न्याय से संबंधित तीन नए कानूनों के लागू होने से देश में न्याय व्यवस्था का एक नया युग शुरू हुआ है। उन्होंने कहा कि हमारी सोच में बदलाव इन कानूनों के नामों से स्पष्ट है- भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम।

### यह बोलीं राष्ट्रपति

- केंद्रीय एजेंसियां सभी राज्यों में बेहतर समन्वय के साथ काम करें
- राज्यपाल संवैधानिक प्रमुख के रूप में समन्वय को दें बढ़ावा
- युवाओं की ऊर्जा को रचनात्मक विकास में लगाया जाए

### शैक्षणिक संस्थानों में योगदान दें राज्यपाल

राष्ट्रपति ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा एक अमूर्त संपत्ति है, क्योंकि यह व्यक्तिगत विकास और सामाजिक परिवर्तन के साथ-साथ नवाचार तथा आर्थिक प्रगति को भी बढ़ावा देती है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में शैक्षणिक संस्थानों की मान्यता और मूल्यांकन प्रणाली में सुधार पर जोर दिया गया है। उन्होंने राज्यपालों से राज्य विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति के रूप में अपनी क्षमता में इस सुधार प्रक्रिया में योगदान देने का आग्रह किया।

### समावेशी विकास के तरीके सुझाने का आग्रह

राष्ट्रपति ने कहा कि भारत सरकार गरीबों, सीमावर्ती क्षेत्रों, वंचित वर्गों और क्षेत्रों तथा विकास यात्रा में पीछे छूट गए लोगों के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने कहा, हमारी जनजातीय आबादी का एक बड़ा हिस्सा अनुसूचित और जनजातीय क्षेत्रों में रहता है। उन्होंने राज्यपालों से इन क्षेत्रों के लोगों के समावेशी विकास को प्राप्त करने के तरीके सुझाने का आग्रह किया।

## जयराम रमेश ने वायनाड पर शाह के बयानों को बताया झूठा

# कांग्रेस ने राज्यसभा में विशेषाधिकार हनन का दिया नोटस





एजेंसी | नई दिल्ली

कांग्रेस ने वायनाड भूस्खलन को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के दावों के खिलाफ शुक्रवार को राज्यसभा में विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव पेश किया। कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने शाह पर वायनाड भूस्खलन को लेकर झूठ बोलने का आरोप लगाया है। विशेषाधिकार हनन नोटिस में शाह के इस दावे पर आपत्ति जताई गई है कि वायनाड में भूस्खलन से पहले केरल सरकार को चेतावनी दी गई थी। शाह ने दावा किया था कि केरल सरकार ने पहले से मिलीं चेतावनियों पर कार्रवाई नहीं की।

विशेषाधिकार नोटिस में कहा गया है, केंद्रीय गृह मंत्री ने प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली पर अपने बयानों से राज्यसभा को गुमराह किया। यह अच्छी तरह से स्थापित है कि किसी मंत्री या सदस्य द्वारा सदन को गुमराह करना विशेषाधिकार का उल्लंघन और सदन की अवमानना है।हैं जिससे संसद के विशेषाधिकारों का उल्लंघन हुआ हो।

### राज्यसभा में गृहमंत्री शाह ने दिया था ये बयान

दरअसल गृह मंत्री अमित ने राज्यसभा में विपक्ष के हंगामे के बीच केरल के वायनाड में हुए भूस्खलन को लेकर बयान दिया था। जिसमें उन्होंने कहा था कि केंद्र सरकार की तरफ से केरल सरकार को इस हादसे से सात दिन पहले ही प्रारंभिक चेतावनी दी गई थी। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा था कि- केरल सरकार को 23, 24, 25 जुलाई को प्रारंभिक चेतावनी दी गई थी। वहीं 26 जुलाई को दिए चेतावनी में ये कहा गया था कि 20 मिलीमीटर से अधिक वर्षा राज्य के कई इलाकों में होने की संभावना है। इस दौरान भूस्खलन भी हो सकता है और कीचड़ भी आ सकता है।

## कर्नाटक के स्वास्थ्य मंत्री का आरोप

# मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को जेल में डालना चाहता है केंद्र: गुंडू राव

एजेंसी | मंगलुरु (कर्नाटक)

कर्नाटक के स्वास्थ्य मंत्री दिनेश गुंडू राव ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि केंद्र मुख्यमंत्री सिद्धरमैया को सलाखों के पीछे डालना चाहता है और इसलिए विपक्ष के खिलाफ छोटी-छोटी बातें निकाल रहा है, लेकिन बड़े अपराधों में लिप्त अपने लोगों को बचा रहा है।

गुंडू राव ने दक्षिण कन्नड़ जिले में संवाददाताओं से बातचीत में कहा, वे (भाजपा नेता) केवल सरकार को गिराने के लिए राज्यपाल, आयकर (विभाग), प्रवर्तन निदेशालय का दुरुपयोग कर रहे हैं। आप जानते हैं कि उन्होंने तमिलनाडु, महाराष्ट्र, झारखंड, दिल्ली, पश्चिम बंगाल और केरल में क्या करने की कोशिश की। दरअसल, मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) आवंटन घोटाले को लेकर सिद्धरमैया को राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने कारण बताओ नोटिस नोटिस जारी किया है। मंत्री राव ने इस पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए यह बात कही। इस आवंटन में कथित तौर पर मुख्यमंत्री की पत्नी पार्वती लाभार्थी हैं। गुंडू राव ने कहा कि देश में अघोषित आपातकाल है। भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डी के शिवकुमार और पूर्व केंद्रीय मंत्री पी चिदंबरम को जेल में डाल चुकी है।



## राजद नेता तेजस्वी ने बिहार की राजग सरकार को घेरा, कहा...

# बढ़ा हुआ आरक्षण खत्म नहीं होने देंगे

एजेंसी | पटना

बिहार में आरक्षण की नई व्यवस्था को संविधान की 9वीं अनुसूची में शामिल कराने की मांग को लेकर नेता प्रतिपक्ष और पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने शुक्रवार को केंद्र और बिहार की राजग सरकार को घेरा।

उन्होंने कहा कि बढ़े हुए आरक्षण को बचाने के लिए राजग सड़क पर आंदोलन करेगी और सुप्रीम कोर्ट भी जाएगी। क्योंकि उन्हें बिहार की नीतीश कुमार की नेतृत्व वाली राजग सरकार पर भरोसा नहीं है। तेजस्वी ने शुक्रवार को प्रेस कांफ्रेंस कहा कि आरक्षण बचाने और बिहार में आरक्षण की सीमा को 65 प्रतिशत तक किए जाने को 9वीं अनुसूची में शामिल करने को लेकर अब किसी को भी राजग सरकार पर भरोसा नहीं है। उन्होंने कहा कि जदयू और भाजपा की राज्य और केंद्र दोनों जगह सरकार है। दोनों चाहे तो इस पर तुरंत कार्रवाई कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार ने इस मामले में कोई पारदर्शिता नहीं रखी। उनके मंत्री चुप हैं। नीतीश सरकार इतनी सीटें लाने के बाद भी फेल हो चुकी हैं। उनकी कोई सुन रहा, या वो सुना नहीं रहे। तेजस्वी ने कहा कि तमिनलनाडु की तर्ज पर बिहार में बढ़े हुए आरक्षण को संविधान की 9वीं सूची में शामिल जाए। ताकि इससे कोई छेड़खानी न हो पाए। लेकिन भाजपा जातीय गणना के खिलाफ है, इसलिए रोड़े अटकाए गए। इस मामले पर जब 17 महीने महागठबंधन की सरकार थी, तब हम लोगों का प्रतिनिधिमंडल पीएम मोदी से मुलाकात करने गया था। लेकिन मना कर दिया गया था। वहीं, बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने से भी मना कर दिया है। इसकी आशंका हम सबको पहले से थी।



## भाजपा के नए अध्यक्ष की दौड़ में कई दिग्गजों के नाम

# फडणवीस के नाम की चर्चा लेकिन, वह खुद बोले-यह मीडिया की देन

एजेंसी | नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी हाल के लोकसभा चुनाव में खासकर उत्तर प्रदेश में पार्टी को लगे झटके पर गत दिनों मंथन कर चुकी है और इस साल चार राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए रणनीति पर तैयार करने में जुटी है। इस बीच, पार्टी के नए अध्यक्ष को लेकर चर्चाओं का दौर भी जारी है।

पार्टी के नए अध्यक्ष के संभावित दावेदारों में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का नाम सबसे आगे माना जा रहा है। फडणवीस के अलावा केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव और धर्मेंद्र प्रधान का नाम भी अध्यक्ष पद की दौड़ में है। हालांकि कुछ मीडिया रिपोर्टों में यह भी कहा जा रहा है कि फडणवीस दिल्ली जा सकते हैं और विनोद तावड़े पार्टी के नए अध्यक्ष हो सकते हैं।

दरअसल लोकसभा चुनाव में महाराष्ट्र में पार्टी के खराब प्रदर्शन के बाद फडणवीस ने सरकार से हटकर संगठन में काम करने की इच्छा केंद्रीय नेतृत्व के सामने जाहिर की थी। हालांकि उस वक्त उनका इस्तीफा स्वीकार नहीं किया गया था और न ही इस पर कोई फैसला लिया गया था। लेकिन अब सूत्रों के हवाले से मिल रही जानकारी के मुताबिक, फड़णवीस को संगठन में बड़ी ज़िम्मेदारी दी जा सकती है।

फिलहाल भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष की जिम्मेदारी जेपी नड्डा संभाल रहे हैं। लेकिन वह मोदी 3.0 सरकार में स्वास्थ्य मंत्री भी हैं। हालांकि नड्डा का कार्यकाल पहले समाप्त हो गया था। लेकिन लोकसभा चुनाव के मद्देनजर उनका कार्यकाल बढ़ा दिया गया था। लोकसभा चुनाव के बाद अब पार्टी के नए अध्यक्ष को लेकर फिर चर्चा जोरों पर है। अब सूत्रों के हवाले से खबर सामने आ रही है कि देवेंद्र फडणवीस, जेपी नड्डा की जगह ले सकते हैं।






फडणवीस ने गत दिनों दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की, जिसके बाद से इस बात की चर्चा और भी तेज हो गई है कि आलाकमान उनको पार्टी अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दे सकता है। फडणवीस ने पीएम मोदी से मुलाकात की तस्वीरें अपने ट्विटर अकाउंट पर भी साझा की थीं। जिसमें उन्होंने लिखा था कि पीएम नरेंद्र मोदी का आशीर्वाद महाराष्ट्र के साथ हमेशा ही रहा है और आगे भी रहेगा। उनसे मिलकर हर बार एक नई ऊर्जा मिलती है, उनका मार्गदर्शन मिलता है। पीएम मोदी से मुलाकात बाद से ही फडणवीस के पार्टी अध्यक्ष बनने की चर्चा ने जोर पकड़ लिया। फडणवीस ने शुक्रवार को इस बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि यह चर्चा केवल मीडिया की ओर से शुरू की गई है। इस पर केवल मीडिया में बातचीत होती है।

### कई समीकरणों को साधेगा नया अध्यक्ष!

कुछ मीडिया रिपोर्टों के अनुसार पार्टी अध्यक्ष को लेकर कुछ नामों पर विचार चल रहा है, जिनमें से 2 नेता महाराष्ट्र से हो सकते हैं। इनमें देवेंद्र फडणवीस के अलावा पार्टी के महासचिव विनोद तावड़े शामिल हैं। इनके अलावा धर्मेंद्र प्रधान, भूपेंद्र यादव और केशव प्रसाद मौर्य का नाम भी लिया जा रहा है। सूत्र बताते हैं कि भाजपा के भीतर उन सभी समीकरणों पर विचार किया जा रहा है, जिसके आधार पर नए अध्यक्ष को सामने लाया जाएगा। इसमें ओबीसी कार्ड, आगामी चुनाव और भाजपा-आरएसएस के केंद्रीय नेताओं से नजदीकी जैसे आधार अहम होंगे।

### क्यों है सशक्त दावेदार फडणवीस!

सूत्रों के अनुसार फडणवीस के पीएम मोदी के साथ ही गृह मंत्री अमित शाह के साथ भी अच्छे रिश्ते हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में भी उनकी पेठ अच्छी मानी जाती है। सर संघ चालक मोहन भागवत से भी उनके रिश्ते काफी अच्छे हैं, यही वजह है कि भाजपा अध्यक्ष पद के लिए उनको सही प्रत्याशी माना जा सकता है। जेपी नड्डा की जगह पार्टी को अब नए अध्यक्ष की तलाश है, जिस पर लंबे समय से मंथन चल रहा है। फडणवीस के नाम की चर्चा राजनीतिक हलकों में तेजी से हो रही है, हालांकि अब तक इस पर पार्टी की कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। भूपेंद्र यादव और धर्मेंद्र प्रधान भी भाजपा के सीनियर नेताओं में शामिल हैं। उनका नाम भी अध्यक्ष पद की रेस में है, हालांकि ये जिम्मेदारी किसको मिलती है, ये तो समय ही बताएगा।

## जरूरी खबर

### BSF: डीजी -SDG को पद से हटाया राज्य कैडर में भेजा



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने शुक्रवार को सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के महानिदेशक (डीजी) नितिन अग्रवाल और उनके डिप्टी विशेष डीजी (पश्चिम) वाईबी खुरानिया को तत्काल प्रभाव से पद से हटा दिया है और दोनों के मूल राज्य कैडर में वापस भेज दिया है। नितिन अग्रवाल 1989 बैच के केरल कैडर के अधिकारी हैं, जबकि वाईबी खुरानिया 1990 बैच के ओडिशा कैडर के अधिकारी हैं। अग्रवाल ने पिछले साल जून में सीमा सुरक्षा बल के प्रमुख का कार्यभार संभाला था। वहीं, विशेष डीजी (पश्चिम) के रूप में खुरानिया पाकिस्तान सीमा पर बल का नेतृत्व कर रहे थे।

### चुनाव आयोग का J&K दौरा 8 से 10 अगस्त तक




**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने जम्मू-कश्मीर में चुनाव कराने की तैयारी शुरू कर दी है। इसी के मद्देनजर आयोग की एक टीम 8 से 10 अगस्त के बीच केंद्र शासित प्रदेश का दौरा करेगी और यहां चुनाव कराने की संभावनाओं को परखेगी। बताया गया है कि मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार खुद आयोग की टीम का नेतृत्व करेंगे। उनके साथ बाकी दोनों चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और एसएस संधू भी मौजूद रहेंगे। श्रीनगर में निर्वाचन आयोग की टीम सबसे पहले राजनीतिक दलों से मुलाकात करेगी।

### शेयर बाजार में निवेशकों के डूबे 4.46 लाख करोड़

**मुंबई।** अमेरिका के निराशाजनक आर्थिक आंकड़ों से दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के एक बार फिर मंदी की चपेट में आने की संभावना से घरेलू शेयर बाजार में आए भूचाल के कारण शुक्रवार को निवेशकों के चार लाख करोड़ रुपए से अधिक डूब गए। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स के पिछले लगातार पांच दिन की तेजी गंवाकर 885.60 अंक की भारी गिरावट के साथ 80,981.95 अंक पर आने से बाजार पूंजीकरण 4,57,16,946.13 करोड़ रुपए पर आ गया। वहीं, गुरुवार को सेंसेक्स के 126.21 अंक की मजबूती के साथ 81,867.55 अंक के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने से बाजार का पूंजीकरण बढ़कर 4,61,62,949.83 करोड़ रुपए रहा था।

## टोगो के प्रतिनिधिमंडल की स्पीकर बिरला से मुलाकात



*नई दिल्ली। टोगो के मंत्रियों, सांसदों, संवैधानिक न्यायालय के न्यायाधीशों और सलाहकारों के एक प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को संसद भवन में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात की। उन्होंने बिरला के साथ विभिन्न मसलों पर विचार विमर्श भी किया।*

## तीन देशों की यात्रा पर जाएंगी राष्ट्रपति मुर्मू



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सोमवार को फिजी, न्यूजीलैंड और तिमोर की छह दिन की यात्रा पर जाएंगी। विदेश मंत्रालय में सचिव (पूर्व) जयदीप मजूमदार ने शुक्रवार को बताया कि राष्ट्रपति पहले फिजी, फिर न्यूजीलैंड और फिर तिमोर-लेस्ते जाएंगी। फिजी और तिमोर-लेस्ते दोनों देशों में, यह भारत के राष्ट्रपति की पहली यात्रा होगी इसलिए इसका विशेष महत्व है। उन्होंने कहा, जब से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी 'एक्ट ईस्ट' नीति लागू की है, तब से इस क्षेत्र में दक्षिण पूर्व एशिया और प्रशांत क्षेत्र पर हमारा विशेष ध्यान रहा है। इसलिए ये तीनों देश हमारी 'एक्ट ईस्ट' नीति के अंतर्गत आते हैं। उन्होंने कहा कि न्यूजीलैंड के साथ भी हमारी बहुत पुरानी और मजबूत साझेदारी है जिसे हम प्रशांत द्वीप देशों के साथ अपने संबंधों में आगे बढ़ा रहे हैं।

### केंद्र सरकार का अहम फैसला: 4.42 करोड़ रोजगार होंगे सृजित

# आठ नए हाई स्पीड रोड कॉरिडोर मंजूर, 50,655 करोड़ होंगे खर्च

**एजेंसी** | नई दिल्ली

पीएम मोदी के नेतृत्व में शुक्रवार को हुई केंद्रीय कैबिनेट की आर्थिक मामलों की समिति की बैठक में अहम फैसले लिए गए। कैबिनेट ने आठ महत्वपूर्ण राष्ट्रीय हाई-स्पीड रोड कॉरिडोर परियोजनाओं को मंजूरी दे दी। इस प्रोजेक्ट की लंबाई 936 किलोमीटर है और कुल लागत 50,655 करोड़ रुपए होगी।

इन परियोजनाओं से देशभर में लॉजिस्टिक्स दक्षता में सुधार होगा और कनेक्टिविटी बढ़ेगी। इन 8 परियोजनाओं से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से करीब 4.42 करोड़ रोजगार सृजित होंगे। इन परियोजनाओं में 6-लेन आगरा-ग्वालियर राष्ट्रीय हाई-स्पीड कॉरिडोर, 4-लेन खड़गपुर-मोरग्राम राष्ट्रीय हाई-स्पीड कॉरिडोर, 6-लेन थराद-डीसा-मेहसाणा-अहमदाबाद राष्ट्रीय हाई-स्पीड कॉरिडोर, 4-लेन अयोध्या रिंग रोड, रायपुर-रांची राष्ट्रीय हाई-स्पीड कॉरिडोर, पत्थलगांव और गुमला के बीच 4-लेन खंड और 6-लेन कानपुर रिंग रोड शामिल हैं।



### इन परियोजनाओं से देशभर में होगा फायदा

इन नए कॉरिडोर प्रोजेक्ट्स के कई फायदे भी होंगे। आगरा से ग्वालियर के बीच लगने वाला समय 50 फीसदी कम हो जाएगा। खड़गपुर-मोरग्राम राष्ट्रीय हाई-स्पीड कॉरिडोर के बनने के बाद पश्चिम बंगाल और पूर्वोत्तर भारत की अर्थव्यवस्था में सुधार होगा। कानपुर रिंग रोड से कानपुर के आसपास के राजमार्ग नेटवर्क में भीड़भाड़ कम होगी। रायपुर-रांची कॉरिडोर के पूरा होने से झारखंड और छत्तीसगढ़ के विकास को फायदा पहुंचेगा। गुवाहाटी रिंग रोड की मदद से नॉर्थ-ईस्ट तक आसानी से पहुंच हो सकेगी। इसके अलावा, पहले की तुलना में जल्दी अयोध्या पहुंच सकेंगे।

### गुजरात से जुड़ जाएंगे दिल्ली-ट्रांस राजस्थान हाई वे व DMC परियोजना

गुजरात में थरण-मेहसाणा क्षेत्र में 214 करोड़ रुपए के छह लेन की परियोजना को मंजूरी दी गई है जो दिल्ली-ट्रांस राजस्थान हाई वे और दिल्ली-मुंबई गलियारा परियोजना को जोड़ेगा। इस परियोजना पर 10534 करोड़ रुपए का निवेश होगा।

**अयोध्या के लिए बनेगा 4000 करोड़ से रिंग रोड:** वैष्णव ने कहा कि धार्मिक नगरी अयोध्या के सर्वांगीण विकास के लिए करीब 4000 करोड़ रुपए की लागत से करीब 68 किलोमीटर का रिंग रोड बनाया जाएगा जो समीप से गुजरने वाले वर्तमान राष्ट्रीय राजमार्ग से भी जुड़ा होगा। कानपुर में बढ़ती औद्योगिक गतिविधियों और विकास की जरूरतों को देखते हुए शहर के चारो ओर छह लेन का रिंग रोड बनाने की परियोजना भी मंजूर की गयी है। इस 3298 करोड़ रुपये का खर्च होगा।

### हाई कोर्ट का निर्देश

## दिल्ली कोचिंग हादसे की सीबीआई करेगी जांच

**एजेंसी** | नई दिल्ली

ओल्ड राजेंद्र नगर में यूपीएससी के तीन अभ्यर्थियों की मौत मामले की जांच अब केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) करेगी। दिल्ली हाईकोर्ट ने शुक्रवार को मामले पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया। कोर्ट का मानना है कि इसमें सरकारी कर्मचारियों का भ्रष्टाचार भी शामिल हो सकता है। इसके साथ ही कोर्ट ने केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) को सिविल सेवा अभ्यर्थियों की मौत की सीबीआई जांच की निगरानी के लिए एक वरिष्ठ अधिकारी को नामित करने का भी निर्देश दिया। नामित अधिकारी यह तय करेगा कि कोचिंग हादसे की जांच समय से पूरी की जा सके और इसमें किसी तरह की देरी ना हो। गत शनिवार को दिल्ली के राजेंद्र नगर की एक कोचिंग में बड़ा हादसा हो गया था, जिसमें तीन विद्यार्थियों की मौत हो गई थी। दिल्ली हाईकोर्ट ने दिल्ली के प्रशासनिक, वित्तीय, भौतिक बुनियादी ढांचे पर फिर से विचार करने के लिए जीएनसीटीडी के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक समिति के गठन का निर्देश दिया, जिसमें डीडीए के उपाध्यक्ष, एमसीडी अध्यक्ष और पुलिस आयुक्त सहित सदस्य शामिल होंगे।




### शुक्र है बारिश के पानी का नहीं किया चालान!

इस हादसे के बाद कोचिंग संस्थानों और प्रशासन के ऊपर कई तरह के सवाल खड़े होने लगे थे। घटना के अगले दिन प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कई संस्थानों को सील कर दिया और कई जिम्मेदार लोगों को गिरफ्तार भी किया था। इस हादसे में एसयूवी कार वाले आरोपी को सेशन कोर्ट से जमानत मिल गई है, जबकि बाकी के आरोपी अभी जेल में हैं।

### मृतक छात्रों के परिजनों को मदद

शुक्रवार को राव आईएएस कोचिंग ने अपने वकील के माध्यम से मृतक छात्रों के परिजनों को 50-50 लाख रुपए मुआवजा देने का ऐलान किया था। हालांकि, इस दौरान वकील ने एक शर्त भी बताई थी, जिसमें 25 लाख अभी देने का वादा किया गया और 25 लाख कोचिंग के सीईओ अभिषेक के बाहर आ जाने के बाद।

### हरियाणा-पंजाब को तटस्थ लोगों के नाम बताने के लिए दिया समय

## नहीं खुलेगा शंभू बोर्डर, सुनवाई 12 को

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय द्वारा शंभू सीमा को खोलने के निर्देश के खिलाफ हरियाणा की याचिका पर सुनवाई स्थगित कर दी। इसके साथ ही शीर्ष अदालत ने हरियाणा और पंजाब राज्यों को उन तटस्थ व्यक्तियों के नाम सुझाने के लिए समय दिया है, जिन्हें प्रदर्शनकारी किसानों के साथ बातचीत करने के लिए एक समिति में शामिल किया जा सकता है। बता दें कि न्यायालय ने शंभू बॉर्डर पर प्रदर्शन कर रहे किसानों की एमएसपी को कानूनी रूप देने सहित विभिन्न मांगों का समाधान तलाशने के लिए उनसे बातचीत करने के वास्ते प्रतिष्ठित व्यक्तियों की एक स्वतंत्र समिति गठित करने का प्रस्ताव दिया है। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 12 अगस्त की तिथि तय की है। न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायाधीश आर महादेवन की खंडपीठ हरियाणा सरकार की उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें पंजाब और हरियाणा को जोड़ने वाली शंभू सीमा को खोलने के पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के हालिया निर्देश को चुनौती दी गई थी।

### नेता प्रतिपक्ष ने अपने भाषण को लेकर साधा निशाना

## मेरे खिलाफ ED-CBI छापेमारी की तैयारी: राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और सीबीआई उनके खिलाफ छापे मारने की तैयारी कर रहा है। कांग्रेस नेता ने शुक्रवार को बताया कि ईडी के एक अधिकारी ने उन्हें बताया है कि उनके खिलाफ छापे की योजना बनाई जा रही है। उन्होंने आशंका जताई कि संसद में बजट पर चर्चा के दौरान



उन्होंने कहा था कि सरकार विपक्ष और देश के खिलाफ 'चक्रव्यूह' बना रही है और शायद मोदी सरकार को उनका यह बयान पसंद नहीं आया।

### सहानुभूति हासिल करना चाहते हैं राहुल: भाजपा

महाराष्ट्र भाजपा अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा कि ईडी की कार्रवाई के बारे में अफवाह फैलाकर राहुल गांधी लोगों की सहानुभूति हासिल करना चाहते हैं। मगर उनको कुछ भी हासिल नहीं होगा। उन्होंने कहा कि राहुल क्यों डर रहे हैं? क्यों अफवाहें फैला रहे हैं। राहुल गांधी अपनी छवि चमकाने और लोगों की सहानुभूति हासिल करने के लिए यह सब कर रहे हैं।

### स्पेस मिशन की मिली कमान: अंतरिक्ष स्टेशन पर जाएंगे

# ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला होंगे हमारे प्राइम एस्ट्रोनॉट

**एजेंसी** | नई दिल्ली

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने आगामी भारतीय-अमेरिकी स्पेस मिशन के लिए अपने सबसे युवा अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला का चयन प्राइम एस्ट्रोनॉट के रूप में किया है। शुभांशु शुक्ला अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। हाल ही में शुक्ला को पदोन्नति दी गई थी। वहीं, ग्रुप कैप्टन प्रशांत बालाकृष्णन नायर को बैकअप पायलट के रूप में चुना गया है।

इसरो ने बताया कि जून 2023 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका की आधिकारिक



यात्रा के दौरान अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) के लिए इसरो-नासा के संयुक्त मिशन की घोषणा की गई थी। इसरो के अनुसार नियुक्त किए गए क्रू सदस्यों को बहुपक्षीय क्रू ऑपरेशंस पैनल (एमसीओपी)



द्वारा अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए उड़ान भरने की मंजूरी दी जाएगी। इसरो ने कहा कि दोनों अनुशंसित अंतरिक्ष यात्री अगस्त 2024 के पहले सप्ताह से मिशन के लिए अपना प्रशिक्षण शुरू करेंगे। शुभांशु एक कॉम्बैट लीडर और टेस्ट पायलट हैं, जिन्हें लगभग 2000 घंटे की उड़ान का अनुभव है। समय के साथ-साथ उन्होंने अपने क्षेत्र में निपुणता हासिल की।

उन्होंने सुखोई 30 एमकेआई, मिग-21, मिग-29, जगुआर, हॉक, डोर्नियर और एन-32 सहित कई तरह के लड़ाकू विमान उड़ाए हैं। शुभांशु ने रूस और अमेरिका में चार साल तक कठिन प्रशिक्षण हासिल किया है। इसरो के इस मिशन में चयनित होने से पहले उन्हें गगनयान मिशन के लिए भी चयनित किया जा चुका है। तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी उन्हें बधाई दी थी।

### प्रशांत बालकृष्णन नायर होंगे सहयात्री

शुभांशु शुक्ला के सहयात्री के रूप में ग्रुप कैप्टन प्रशांत बालकृष्णन नायर का चयन किया गया है, जो अंतरिक्ष यात्रियों में सबसे उम्रदराज हैं। उनका जन्म 26 अगस्त, 1976 को केरल के थिरुवझियाद में हुआ है। नायर भी राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के पूर्व छात्र हैं और वायु सेना अकादमी में स्वॉर्ड ऑफ ऑनर प्राप्तकर्ता हैं। उन्हें 19 दिसंबर, 1998 को भारतीय वायु सेना की लड़ाकू शाखा में कमीशन दिया गया था। ग्रुप कैप्टन नायर ए कैटगरी के फ्लाइंग इन्स्ट्रक्टर हैं, जो किसी पायलट द्वारा प्राप्त की जाने वाली उच्चतम श्रेणी है। उन्हें लगभग 3,000 घंटे की उड़ान का अनुभव है। वह भी टेस्ट पायलट हैं। उन्होंने भी सुखोई-30एमकेआई, मिग-21, मिग-29, हॉक, डोर्नियर और एएन-32 सहित कई विमान उड़ाए हैं। शुभांशु शुक्ला राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के पूर्व छात्र हैं। उन्हें 17 जून 2006 को भारतीय वायु सेना के फाइटर विंग में कमीशन दिया गया था। वह उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के रहने वाले हैं। उनका जन्म 10 अक्तूबर, 1985 को लखनऊ में ही हुआ था। शुभांशु लखनऊ के त्रिवेणीनगर के रहने वाले हैं।

### नीट यूजी परीक्षा मामले में SC के निर्देश

## मानक संचालन प्रक्रिया बनाए सरकार व NTA

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने स्नातक स्तर की मेडिकल और संबंधित अन्य पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आयोजित होने वाली राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) के प्रश्नपत्र बनाने से लेकर परीक्षा केंद्र पर सुरक्षित पहुंचाने, सुरक्षित रखने, संबंधित परीक्षार्थियों को समय पर देने और कड़ी जांच सुनिश्चित करने के लिए शुक्रवार को केंद्र सरकार और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) को एक मानक संचालन प्रक्रिया बनाने का निर्देश दिया।

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायाधीश जे बी पारदीवाला और न्यायाधीश मनोज मिश्रा की पीठ ने पांच मई 2024 को आयोजित नीट-यूजी में गड़बड़ी समेत अन्य अनियमितताओं के खिलाफ दायर याचिकाओं पर विस्तृत फैसला सुनाते हुए यह निर्देश दिया। पीठ ने 23 जुलाई के अपने फैसले में नीट परीक्षा दोबारा कराने की गुहार ठुकरा दी थी। पीठ ने शुक्रवार को अपने विस्तृत फैसले में कहा कि उपलब्ध तथ्यों से पता चलता कि परीक्षा में कोई प्रणालीगत उल्लंघन नहीं हुआ कि परीक्षा रद्द कर दोबारा कराने का आदेश दिया जाए।सीजेआई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने नीट-यूजी परीक्षा आयोजित करने के लिए निष्पक्ष, पूर्णतः सुरक्षित, पारदर्शी और मजबूत प्रणाली सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

### 100 से अधिक संस्थाओं ने पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्र का किया नागरिक अभिनंदन

# राजस्थान के लोग जिस किसी को चाहते हैं, तो उसे पूरा अपनाते भी हैं

**बेधड़क | जयपुर**

'राजस्थान की जनता ने मुझे अभूतपूर्व प्यार और स्नेह दिया है। मुझे अपने सार्वजनिक जीवन में एक लंबा सफर तय करने का अवसर मिला । मै विधायक रहा, सांसद रहा, केन्द्रीय मंत्री रहा, लेकिन राजस्थान की जनता ने राज्यपाल के रूप में जो अपनापन दिया वो अविस्मरणीय है और इस प्यार, स्नेह का जीवन भर याद रखूंगा। राजस्थान प्रदेश के लोग जिस किसी को भी चाहते हैं, तो उसे पूरा अपनाते हैं। मैं जब राज्यपाल बनके राजस्थान में आया तो प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों, मंदिरों और प्रमुख संस्थानों में जाने का अवसर मिला। यहां जो अपनापन और मान सम्मान मिला और मेरे जीवन की धरोहर है।'

ये विचार आज होटल क्लार्क्स आमेर में आयोजित नागरिक अभिनंदन समारोह में राजस्थान के निवर्तमान राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहे। संस्कृति युवा संस्था और जयपुर नागरिक अभिनंदन समारोह समिति की और से आयोजित समारोह में जयपुर की सामाजिक, नागरिक, व्यापारिक एवं धार्मिक संस्थाओं के पदाधिकारी बडी संख्या में एकत्रित हुए और 100 से अधिक संस्थाओं ने कलराज मिश्र का अभिनंदन, स्मृति चिन्ह, कॉल, दुपट्टा, माला इत्यादी देकर किया। साथ ही संविधान पार्क की प्रसंशा की।




### पहली बार ऐसा विदाई समारोह

संस्कृति युवा संस्था के अध्यक्ष पं. सुरेश मिश्रा ने कहा कि कलराज मिश्र ने अपने कार्यकाल में प्रदेश की जनता को भरपूर स्नेह और सम्मान दिया साथ ही कोविड के समय अभूतपूर्व काम किया। उन्होंने संविधान पार्क की स्थापना राजभवन में और प्रत्येक विश्वविद्यालय में कर अभूतपूर्व कार्य किया है। आप सदैव सक्रिय रहे और प्रदेश भर में दौरे कर आम जन के साथ जुड़े रहे। ये अपने आप में पहली बार है कि विदाई के समय इतने सारे संगठनों ने कलराज मिश्र का अभिनंदन किया।




### मिश्र ने छोटे-बड़े का भेद मिटाया

इस अवसर पूर्व मंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़ ने कहा कि कलराज मिश्र जी ने अभूतपूर्व कार्य किया है। इस अवसर पर स्वागताध्यक्ष गोकुल माहेश्वरी ने कहा कि कलराज मिश्र ने छोटे, बड़े, अमीर का भेद मिटाया और सबको पिता तुल्य स्नेह और प्यार दिया। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक बीएम शर्मा ने कहा कि आपने राज्यपाल बनते ही राजभवन के दरवाजे आमजन के लिए खोल दिए और संविधान पार्क की स्थापना कर अभूतपूर्व कार्य किया है। इस अवसर पर वर्ल्ड ट्रेड पार्क के चेयरमैन अनूप बरतरिया ने भी कलराज मिश्र प्रशंसा की। इस अवसर पर संस्कृति युवा संस्था के संरक्षक एचसी गणेशिया ने अंत में धन्यवाद ज्ञापित किया है।

### इन्होंने किया अभिनंदन

गोविन्द देवजी के मानस गोस्वामी, अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन प्रभारी ध्रुवदास अग्रवाल, फोर्टी के अरुण अग्रवाल, वीकेआई से अध्यक्ष जगदीश सोमानी, संस्कृति युवा संस्थान से दिनेश शर्मा, अक्षय पात्र फाउंडेशन से उपाध्यक्ष रघुपति दास, माहेश्वरी समाज जयपुर अध्यक्ष केदार भाला, रामगंज व्यापार मंडल से अध्यक्ष हुकुम चन्द अग्रवाल, रोटरी क्लब जयपुर मेट्रो से प्रेसिडेंट डॉ. रेणू भंडारी, अखिल राज्य टेड्र इण्डस्ट्रीज से कमल कंदोई, चैम्बर आफ कॉमर्स से डॉ. केएल जैन, भारत गौरव टीम से पं. सुरेश मिश्रा सहित 100 से ज्यादा संस्थानों ने अभिनंदन किया।

### तीज उत्सव के पोस्टर का विमोचन

## 300 महिलाएं पौधा लगाकर लेंगी जीवनभर उसकी सेवा का संकल्प



**बेधड़क. जयपुर।** शिल्पी फाउंडेशन की ओर से 'रंग रंगीलो लहरियो, आई सावन री तीज' तीज उत्सव 4 अगस्त को गोपालपुरा बाईपास स्थित होटल ग्रैंड सफारी में मनाया जाएगा। पर्यावरण, वन, जलवायु परिवर्तन संवर्धन परिषद चेयरमैन राहुल द्विवेदी ने उत्सव के पोस्टर का विमोचन किया। फाउंडेशन की डायरेक्टर शिल्पी अग्रवाल ने बताया कि राजस्थानी संस्कृति को बढ़ाने और महिला सशक्तिकरण को मंच प्रदान करने के लिए तीज उत्सव मनाया जाएगा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि वित्त मंत्री दीया कुमारी होंगी। इस अवसर पर वे महिलाओं को राजस्थान की अनोखी परंपराओं से अवगत कराएंगी। उत्सव में 300 से अधिक महिलाएं हिस्सा लेंगी और राजस्थानी लोक संस्कृति को प्रस्तुत करेंगी। सभी महिलाएं राजस्थानी पारंपरिक वेशभूषा लहरिया और आभूषण में सजी-धजी शामिल होंगी। इस अवसर पर विभिन्न मनोरंजन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। राहुल द्विवेदी ने बताया, कि उत्सव में पहली बार राजस्थानी संस्कृति को प्रमोट करने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया जाएगा। महिलाएं एक पौधो लगाएंगी और उस पौधे की ताउम्र देखभाल करने का संकल्प लेंगी। पोस्ट विमोचन कार्यक्रम प्रीति कुलश्रेष्ठ, कमलेश सोनी, मनीषा गुप्ता, कुलदीप सुरोलिया, दीपक शर्मा, साहिल शर्मा उपस्थित रही।

### खाटू की नि:शुल्क बस सेवा 5 को

**बेधड़क. जयपुर।** जयपुराइट्स खाटू बाबा के नि:शुल्क बस सेवा से दर्शन करते हुए प्रसादी लाभ भी उठाएंगे। इसके लिए 17वीं नि:शुल्क बस सेवा का आयोजन 5 अगस्त को किया जाएगा। आयोजक युवा मनीष ने बताया कि खाटू श्याम दर्शन के लिए श्याम नगर मेट्रो स्टेशन से बस जाएगी, जिसमें महिलाओं और सीनियर सिटीजंस को प्राथमिकता दी जाएगी और नि:शुल्क भोजन प्रसादी भी होगी। भक्तों को परेशानी न हो इसके लिए पहले ही बुकिंग कराने की अपील की गई है।

## City इवेंट्स

### पौधों के बीज गिराते हुए दौड़ेंगे रनर्स




**बेधड़क. जयपुर।** 'त्रिमूर्ति मानसून रन' के 8वें संस्करण का आयोजन 4 अगस्त को 'फ्रेंडशिप डे' पर कूकस स्थित लोहागढ़ रिसोर्ट में किया जाएगा। इवेंट में 21, 10 और 5 किलोमीटर की दौड़ शामिल है। मुख्य अतिथि पं. सुरेश मिश्रा होंगे। रन का उद्देश्य मानसून के मौसम में प्रकृति के साथ दोस्ती और बेहतर जीवनशैली को विकसित करना है। रनिंग के दौरान प्रतिभागी कूकस के जंगलों में पौधों के बीज गिराते हुए दौड़ते नजर आएंगे। इवेंट के पहले सी-स्कीम स्थित त्रिमूर्ति डिविनिटी में शुक्रवार को 'बीब वितरण' यानी प्रतिभागियों को रनिंग नंबर वितरण किए गए, जो शनिवार को भी जारी रहेगा।

### आज चलेगा भजनों का जादू

**बेधड़क. जयपुर।** नेट थिएट में शनिवार शाम 7:30 बजे डाकिया रे कार्यक्रम में उभरते युवा भजन कलाकार कन्हैया शर्मा और रिंकू नागलिया के भजनों का जादू चलेगा। राजेंद्र शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में सेक्सोफोन और तबले की बंदिशें भी होंगी। कार्यक्रम को ऑन लाइन भी देखा जा सकेगा।

### डांस ड्रामा 'चित्रांगदा' का मंचन आज



**बेधड़क. जयपुर।** रवींद्रनाथ टैगोर द्वारा लिखित कहानी 'चित्रांगदा' का मंचन शनिवार को महाराणा प्रताप ऑडिटोरियम में शाम 7 बजे से किया जाएगा। महाभारत से प्रेरित म्यूजिकल डांस ड्रामा को पहली बार जयपुर में और हिंदी में मंचित किया जाएगा। नाटक मणिपुर साम्राज्य की पौराणिक राजकुमारी चित्रांगदा की अनकही कहानी पर आधारित है। चित्रांगदा एक सशक्त नारी की अविश्वसनीय शक्ति को दर्शाती संगीतमय नृत्य नाटिका है।

### जयपुर लौटा धार्मिक जैन यात्रा दल

## 23 तीर्थ क्षेत्रों के सैकड़ों मंदिरों के दर्शन और वन्दन किए



**बेधड़क | जयपुर**

श्रीदिगम्बर जैन पद यात्रा संघ जयपुर के तत्वावधान में 23 तीर्थों के सैकड़ों मंदिरों की दर्शन वन्दना सहित भगवान महावीर के सिद्धांतों का प्रचार करने के लिए 25 जुलाई को जयपुर से रवाना हुआ दल जयपुर लौटा।

संघ के संरक्षक सुभाष चन्द जैन, यात्रा दल के मुख्य संयोजक अमर चन्द दीवान खोराबीसल, संयोजक सुरेश ठोलिया, सूर्य प्रकाश छाबड़ा, सलिल जैन, राजेन्द्र जैन मोजमाबाद, मैना बाकलीवाल, देवेन्द्र गिरधरवाल, विक्रम जैन खोराबीसल के नेतृत्व में गए 101 सदस्यों ने यात्रा के दौरान भगवान महावीर के सिद्धांतों और अहिंसा शाकाहार का प्रचार किया। संघ संरक्षक सुभाष चन्द जैन ने बताया कि गुंशी में विज्ञा तीर्थं व स्वस्ति धाम जहाजपुर में भगवान मुनिसुव्रतनाथ के दर्शन किए। मंदसौर के बही पार्श्वनाथ तीर्थ में शांतिनाथ महामंडल विधान पूजा की। मुख्य संयोजक अमर चंद दीवान खोराबीसल व संयोजक सुरेश ठोलिया ने बताया कि यात्रा के दौरान आचार्य पुष्प दंत सागर, आचार्य प्रज्ञा सागर, मुनि प्रमाण सागर, मुनि विनम्र सागर, गणिनी आर्यिका स्वस्ति भूषण माताजी, गणिनी आर्यिका विज्ञाश्री माताजी, आर्यिका सरस्वती के दर्शन लाभ प्राप्त कर आशीर्वचनों का लाभ उठाया।

### 'मासूम मेनिया' में बच्चों और बड़ों ने दी परफॉर्मेंस

## लेडीज ने कैटवॉक और घूमर से किया सावनी फुहारों का स्वागत



**बेधड़क | जयपुर**

कैटवॉक और घूमर का ऐसा रंग जमा कि हर कोई उसमें खो सा गया और लेडीज के पैर अपनेआप थिरकने लगे। एक से बढ़कर एक परफॉर्मेंस ने सावनी फुहारों को और भी खुशनुमा बना दिया।

नजारा था परफेक्शन विथ पैशन फेसबुक ग्रुप बाय अमृता वी आहूजा के सावन तीज लहरिया व फ्रेंडशिप डे की थीम पर मासूम मेनिया-2024 का। कार्यक्रम के दौरान राजस्थान की संस्कृति को ध्यान में रखते हुए सभी का स्वागत फ्रेंडशिप बैंड बांधकर किया। कोरियोग्राफर मदद से लेडीज ने स्पेशनल अट्रेक्शन घूमर डांस प्रस्तुत किया।

विशेष आकर्षण 7 साल की नन्ही बच्ची से लेकर उपस्थित मैंबर्स द्वारा किया गया राजस्थानी नृत्य और गायन रहा जिसमें प्रतिभागियों ने प्राइज भी जीते। इस दौरान प्रतिभागियों को तीज ब्यूटी, लहरिया क्वीन, घूमकर निराली बींदनी, बेस्ट फ्रेंड, फ्रेंड फारवर के गिफ्ट दिए गए। कार्यक्रम में आए लोगों ने दोस्तों के लिए क्रिएटिव बोर्ड पर खत लिखकर फ्रेंडशिप मेसेज दिए गए तो वे भावुक और रोमांचित नजर आए।

ज्यूरी ने मैंबर्स को सम्मानित किया और फोटोग्राफी से कार्यक्रम समाप्त करते हुए यादों को संजोया गया।


**वर्ल्ड फोटोग्राफी डे** | 23, 24 और 25 को दिखेगा 200 से अधिक फोटोग्राफर्स का हुनर

## 'नजर' में डिस्प्ले होंगी तीन सौ से भी ज्यादा तस्वीरें

**बेधड़क | जयपुर**

जयपुराइट्स के साथ प्रदेश, देश और पूरी दुनिया के सैलानी तस्वीरों से प्रदेश व देश की खूबसूरती को जानेंगे। साथ ही उनको क्लिक करने वाले तस्वीर की जर्नी भी बताएंगे।

इसके लिए राजस्थान फोटो फेस्टिवल के तहत जयपुर में नजर फोटो एग्जिबिशन का तीसरा सीजन वर्ल्ड फोटोग्राफी डे पर 23, 24 और 25 अगस्त तक आयोजित किया जाएगा। जवाहर कला केंद्र में यह जयपुर का संभवतः सबसे बड़ा फोटोग्राफी का महाकुंभ होगा, जिसमें की 200 से अधिक फोटोग्राफर भाग लेंगे। 300 से अधिक तस्वीरे डिस्प्ले होंगी। नेशनल-इंटरनेशनल कंट्री की एंट्री आयोजन में राजस्थान से बीकानेर, अलवर, जोधपुर, अजमेर, सीकर, उदयपुर और लखनऊ, सतना, इंदौर, हिमाचल, मुंबई, पंजाब, दिल्ली से इंटरनेशनल एंट्री से इंग्लैंड, स्पेन, यूनाइटेड किंगडम, आस्ट्रिया, बहरीन, दुबई, सिंगापुर, कजाकिस्तान, साउथ अफ्रीका से फोटोग्राफर भाग ले रहे हैं।



### हस्तियां होंगी शामिल

राजस्थान के जाने-माने हस्तियां सम्मिलित होंगी, जिसमें आईएएस, आईपीएस, जिला कलेक्टर, आरएस, आईएफएस अधिकारी व भी अपनी तस्वीरें प्रदर्शित करेंगे। जयपुर के फोटोजर्नलिस्ट और राजस्थान के फोटोजर्नलिस्ट, वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफर, डॉक्टर, स्टूडेंट फोटोग्राफर एग्जीबिशन में भाग ले रहे हैं। एग्जीबिशन की संरक्षक रेणुका कुमावत ने बताया कि यह ऐसा मंच है जहां सभी फोटोग्राफरों को व फोटोजर्नलिस्ट को एक साथ लाया गया, जिसमें इनकी ओर से खींची गई तस्वीरों को लोग देख सकेंगे। इसमें राजस्थान के विधानसभा अध्यक्ष ने पोस्टर विमोचन किया और एग्जिबिशन उद्‌घाटन के लिए आमंत्रित किया है। स्टूडेंट्स और सभी के लिए पुराने कैमरे भी डिस्प्ले किए जाएंगे, जिससे लोग देख सके और जानकारी प्राप्त कर सके। एग्जीबिशन में फोटोग्राफी से संबंधित कई सेशन भी रखे हैं जिसमें फोटोग्राफर भाग ले सकते हैं।



इस दुनिया में किसी के साथ खुद की तुलना मत करो यदि आप ऐसा करते हैं, तो आप खुद का अपमान कर रहे हैं।

**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

### अब हिजबुल्लाह ने इजराल में कर दिया धुआं धुआं!

# 48 घंटे के भीतर ही पलटवार, दाग दिए दर्जनों रॉकेट



**एजेंसी** | बेरूत

मिडिल ईस्ट में लगातार तनाव बढ़ता जा रहा है. इजरायल हमास जंग के बीच अब कई देश कूदते जा रहे हैं। इस बीच गुरुवार की देर रात (स्थानीय समय) हिजबुल्लाह ने लेबनान से इजराइली क्षेत्र की ओर दर्जनों रॉकेट दागे।

करीब 48 घंटे की शांति के बाद हिजबुल्लाह ने उत्तरी इजराइल में कई रॉकेट दागे हैं। लेबनान से इजराइल की उत्तरी सीमा के आसपास के कई इलाकों में करीब 60 रॉकेट दागे गए हैं।

इजराइल की आयरन डोम मिसायल रक्षा प्रणाली ने लेबनानी समूह द्वारा लॉन्च किए गए कई प्रोजेक्टाइल को रोक दिया, जो कि बेरूत में हिजबुल्लाह के कमांडर फुवाद शुकर की हत्या के बाद हुआ है। इस हमवले के लिए हिजबुल्लाह ने कहा था कि जवाबी कार्रवाई की जाएगी। यह उसी दिन हुआ है जब इजराइली सेना ने हमला किया। इधर, हमास की ओर से कस्साम ब्रिगेड के कमांडर मोहम्मद दीफ की मौत की पुष्टि नहीं की गई है।



### हमास ने दीफ के मरने की नहीं की है पुष्टि

उनका कहना है कि उन्होंने 13 जुलाई को गाजा के अल-मवासी इलाके में एक सटीक और लक्षित हमला करके उसे निशाना बनाया, लेकिन इस हमले के परिणामस्वरूप इस तथाकथित सुरक्षित क्षेत्र में 90 फिलिस्तीनी मारे गए और 300 अन्य घायल हो गए। इधर, इजराइली सेना ने यह नहीं बताया कि क्या उनके पास यह पुष्टि करने के लिए पर्याप्त जानकारी है कि उस हमले में दीफ मारा गया था या नहीं। हमास ने न तो इसकी पुष्टि की है और न ही खंडन किया है, उन्होंने कहा कि वे कस्साम ब्रिगेड के नेतृत्व पर कोई टिप्पणी नहीं करने जा रहे हैं।

### फुवाद शुकर भी हो चुका है ढेर

बता दें कि मंगलवार (स्थानीय समय अनुसार ) को इजराइल ने लेबनान की राजधानी बेरूत में हिजबुल्लाह के गढ़ पर हवाई हमला किया और उसके टॉप कमांडर फुवाद शुकर को मार गिराया। इजराइल के हवाई हमले में हिजबुल्लाह कमांडर फुवाद शुक्र और हमास के मुखिया इस्माइल हानिया की मौत हो गई। एक इजराइली ड्रोन ने मंगलवार शाम को हिजबुल्लाह के शूरा काउंसिल के निकट एक स्थान पर तीन मिसाइलें दागीं, जिनका लक्ष्य हिज्बुल्लाह के महासचिव सैयद हसन नसरल्लाह के वरिष्ठ सैन्य सलाहकार शोकोर को निशाना बनाना था

### सिर्फ शुकर को मारने वाली एयर स्ट्राइक

आईडीएफ के प्रवक्ता डेनियल हागारी ने कहा, 'हमने मंगलवार की रात को लेबनान में हमला किया और फुवाद शुकर को मार डाला। हम स्पष्ट करना चाहते हैं कि इसके अलावा कोई एयरस्ट्राइक नहीं की गई। इसके अलावा कोई मिसाइल या ड्रोन भी नहीं दागा गया।'

### तीन बड़े शिकार के बाद हाई अलर्ट पर इजराइल

इजराइल ने दो दिनों के अंदर ही अपने तीन दुश्मनों को मार गिराया। हमास के राजनीतिक मुखिया इस्माइल हानियेह को ईरान के अंदर ही मार गिराया तो वहीं उसके मिलिट्री चीफ मोहम्मद डीफ को भी जुलाई में मार गिराने का ऐलान किया है। यही नहीं लेबनान के बेरूत में हिजबुल्लाह कमांडर फुवाद शुकर को भी इजराइल ने ढेर किया है। इसके बाद से ही पश्चिम एशिया में तनाव का माहौल है। ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह खामेनेई ने बदला लेने की बात कही है। इसके बाद से इजराइल की सेना हाई अलर्ट पर है। इजराइल को लगता है कि इन तीन लोगों को मार गिराने के बाद ईरान के लिए अब प्रतिष्ठा का मसला बन गया है।

### यह कहा इजराइल ने

ईरान खुद को मजबूत दिखाने के लिए अगले कुछ दिनों में ईरान हमला जरूर करेगा। इजराइल का कहना है कि हम हाई अलर्ट पर हैं और जानते हैं कि कैसे खतरे से निपटा जा सकता है। इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन से बात की है। बाइडेन ने कहा कि हम इजरायल के साथ हैं और हर स्थिति में बचाव को तत्पर हैं। आशंका है कि इजराइल पर ड्रोन और बेलिस्टिक मिसाइल्स से हमला किया जा सकता है। इसे ध्यान में रखते हुए अमेरिका की ओर से इजराइल में कुछ और हथियारों को तैनात किया जा सकता है।

### इस रणनीति पर कर रहा इजराइल काम

खबर है कि इजराइल इस रणनीति पर काम कर रहा है कि क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक गठजोड़ तैयार किया जाए। ऐसा इसलिए क्योंकि ईरान और हिजबुल्लाह एक साथ मिलकर हमला कर सकते हैं। एक तरफ ईरान के पास बड़ी सेना और हथियार हैं तो वहीं हिजबुल्लाह भी दुनिया का सबसे बड़ा सशस्त्र उग्रवादी समूह है। पहले भी ईरान की ओर से 13-14 अप्रैल को इजराइल पर हमला बोला गया था। अब एक बार फिर से ऐसे ही हमले की आशंका है।


### रूस और अमेरिका के बीच क्या बन गई बात!

# पहलीबार बड़ी डील

**एजेंसी** | वाशिंगटन

अमेरिका और रूस ने सोवियत इतिहास के बाद गुरुवार को बंदियों की अपनी सबसे बड़ी अदला-बदली पूरी की। इसके अंतर्गत मॉस्को ने वॉल स्ट्रीट जर्नल के रिपोर्टर इवान गेर्शकोविच, मिशिगन के कॉर्पोरेट सुरक्षा कार्यकारी पॉल व्हेलन और व्लादिमीर कारा मुर्जा समेत अन्य को रिहा कर दिया। अधिकारियों ने इस बारे में जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि इस समझौते के तहत एक-दूसरे के यहां जेलों में बंद लगभग दो दर्जन लोग मुक्त किए जाएंगे।

रूस-यूक्रेन जंग के बीच वाशिंगटन और मॉस्को के बीच संबंध सबसे निचले स्तर पर आ गए थे, लेकिन इसके बावजूद बंदियों की अदला-बदली के लिए पिछले दरवाजे से गुप्त बैठकें होती रहीं। यह समझौता पिछले दो वर्षों में रूस और अमेरिका के बीच कैदियों की अदला-बदली के लिए की गई बातचीत का नतीजा है। अमेरिका को अपने नागरिकों की रिहाई के लिए एक बड़ी कीमत चुकानी पड़ी है। रूस ने पश्चिम में गंभीर अपराधों के लिए दोषी ठहराए गए अपने नागरिकों की रिहाई... पत्रकारों, असंतुष्टों और अन्य पश्चिमी बंदियों को मुक्त करने के बदले में सुनिश्चित कर ली है।



इस समझौते के तहत रूस ने वॉल स्ट्रीट जर्नल के एक संवाददाता गेर्शकोविच को रिहा कर दिया, जिन्हें 2023 में गिरफ्तार किया था। इस पत्रकार को मॉस्को की एक अदालत ने जुलाई में जासूसी के आरोपों में दोषी ठहराया था। इसके अलावा मिशिगन कॉर्पोरेट सुरक्षा कार्यकारी व्हेलन को भी रिहा कर दिया गया है जो 2018 से जासूसी के आरोप में जेल में थे। रेडियो फ्री यूरोप/रेडियो लिबर्टी के पत्रकार अलसु कुर्मशेवा को भी समझौते के तहत रिहा किया गया है, जिनके पास अमेरिका-रूस की दोहरी नागरिकता है।

### पुलित्जर पुरस्कार विजेता भी रिहा

अलसु कुर्मशेवा को जुलाई में रूसी सेना के बारे में गलत जानकारी फैलाने के लिए दोषी ठहराया गया था। रिहा किए गए असंतुष्टों में क्रेमलिन के आलोचक और पुलित्जर पुरस्कार विजेता लेखक कारा-मुर्जा भी शामिल हैं, जो देशद्रोह के आरोप में 25 साल की सजा काट रहे हैं। उनके अलावा रिहा किए गए लोगों में रूस के 11 राजनीतिक कैदी हैं, जिनमें दिवंगत रूसी विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी के सहयोगी और बेलारूस में गिरफ्तार एक जर्मन नागरिक शामिल है।


### दो देश... दो घटनाएं... 24 की मौत

# मनीला में 11 खाक... अबुजा में 13 ढेर

### ■ फिलीपींस में आग... नाइजीरिया में फायरिंग

**एजेंसी** | मनीला

फिलीपींस की राजधानी मनीला के भीड़भाड़ वाले इलाके में भीषण आग से दहशत फैल गई है। यह आग चाइनाटाउन जिले में शुक्रवार को पांच मंजिला इमारत के रेस्तरां में लगी। बताया जा रहा है कि आग लगने के बाद इसकी चपेट में आकर कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई। कई लोग घायल भी बताया जा रहे हैं। उधर, नाइजीरिया में आर्थिक संकट के खिलाफ जारी विरोध-प्रदर्शनों के दौरान 13 प्रदर्शनकारियों की पुलिस फायरिंग से मौत हो गई।



### मनीला: जांचकर्ता ने की पुष्टि

मनीला में अग्नि जांचकर्ता ने कहा कि आग भूतल पर एक रेस्तरां में लगी यहां मृतकों में कई कर्मचारी भी शामिल हैं। ज्यादातर मृतक दूसरी और तीसरी मंजिल पर पाए गए। किसी और के लापता होने की सूचना नहीं है।

### नाइजीरिया में प्रदर्शनकारी हुए पुलिस की गोली के शिकार

नाइजीरिया में आर्थिक संकट के खिलाफ व्यापक पैमाने पर जारी विरोध-प्रदर्शनों के दौरान कम से कम 13 प्रदर्शनकारियों की मौत हो गई है। विरोध-प्रदर्शन ने कई राज्यों में हिंसक रूप ले लिया है, जिसके चलते कई जगह कर्फ्यू घोषित किया गया है। अधिकारियों ने बम धमाके में चार लोगों की मौत होने की पुष्टि की और कहा कि देशभर में सैकड़ों प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया गया है। बताया गया कि 300 से अधिक प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि इस दौरान एक पुलिस अधिकारी की भी मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए हैं।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार

सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl